* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

06 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 317


राजपथ और सेंट्रल विस्टा लॉन का नाम बदलेगी सरकार, अब 'कर्तव्यपथ' नाम से जाना जायेगा




SURJABASHA





## सियासत : हेमंत सरकार ने जीता विश्वास मत, 48 विधायकों का मिला समर्थन

# आंदोनकारी का बेटा हूं, डरनेवाला नहीं : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मचे सियासी घमासान के बीच हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने सोमवार को सदन में विश्वासमत हासिल किया। हेमंत सरकार को 48 विधायकों का समर्थन मिला। इसमें एनसीपी के कमलेश सिंह और मनोनीत सदस्य गालस्टिन का वोट शामिल है। वहीं भाजपा, आजसू के साथ विधायक सरयू राय और अमित कुमार ने वोटिंग के समय सदन का बहिष्कार किया। बता दें कि इसको लेकर सोमवार को झारखंड विधानसभा का एक दिन के लिए विशेष सत्र (नवम मानसून सत्र का विस्तार) बुलाया गया था। सत्र शुरू होते ही वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति के बीच हेमंत सोरेन ने सदन में विश्वासमत हासिल करने का प्रस्ताव पेश किया। विश्वास मत प्राप्त होने के बाद विधानसभाध्यक्ष ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। सोमवार की सुबह हेमंत सोरेन अपने विधायकों को खुद बस से लेकर विधानसभा आये थे। इस दौरान भाजपा विधायकों ने विधानसभा के सामने प्रदर्शन किया। वे सोरेन के विधायकों के छत्तीसगढ़ जाने और दुमका हत्याकांड का मुद्दा उठा रहे थे। सदन स्थगित होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन एक बार फिर से सभी विधायकों के साथ बस में सवार होकर सर्किट हाउस के लिए निकल गये। वहीं मुख्यमंत्री ने विधायकों के साथ लंच किया।

झारखंड विधानसभा में जारी एक दिवसीय सत्र के दौरान सरकार की ओर से सदन के नेता हेमंत सोरेन ने जवाब दिया। सीएम सोरेन ने कहा कि विपक्ष से निवेदन है कि बहस के दौरान नोक-झोंक होती रहती है। आग्रह यह है कि आज का प्रस्ताव सुनें और मैदान छोड़ कर भागने का प्रयास न करें। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता में आप भी शामिल हैं। जब भी मैं सवा तीन करोड़ जनता की बात करता हूं तो आप भी उसमें शामिल होते हैं। लेकिन आपकी चाहत इतनी है कि आप संतुष्ट ही नहीं होते। सीएम ने कहा, आज विश्वास मत को लेकर चर्चा हो रही है। लोग कह रहे हैं कि अगर सरकार के पास बहुमत है तो विश्वास मत की क्या जरूरत है। जरूरत इसलिए कि हमारी यूपीए की सरकार ने 2019 से लेकर आज तक कोरोना का मुंह तोड़ जवाब दिया। झारखंड को जिस तरीके से सरकार ने संभाला है, वह सौभाग्य की बात है। अगर यूपीए की सरकार ना होती तो पता नहीं गरीब, दलित आदिवासियों का क्या होता। क्योंकि ये बोलते हैं कि हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज पर चढ़ायेंगे और लाकर सड़क पर छोड़ दिया गया। देश में आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है। सड़कों पर भी झंडा लगाने का काम हुआ। भाजपा ने तो झंडा बेचने का भी काम किया। भाजपा वालों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। लोकतंत्र को बेचने का लगातार 2014 से प्रयास हो रहा है।

**पक्ष में वोट : 48** | **विपक्ष में वोट : 0**



### झारखंड विधानसभा की दलगत स्थिति

**कुल सीटें 81 : बहुमत के लिए मतों की जरूरत-41**

झामुमो 30, कांग्रेस 18 (प्रदीप यादव को मिलाकर), माले-1, एनसीपी-1, राजद-1, भाजपा 26 (बाबूलाल मरांडी को मिलाकर), आजसू 2, निर्दलीय 2 और मनोनीत-1

### मतदान में हिस्सेदारी

पक्ष : झामुमो के 29, कांग्रेस के 15, एनसीपी के 1, माले के 1, राजद के 1 और मनोनीत 1 वोट मिले। (कांग्रेस के तीन विधायक कोलकाता में हैं।)
विपक्ष : भाजपा, आजसू और निर्दलीय विधायक बहिष्कार कर सदन के बाहर चले गये।

**25 अगस्त से सरकार के खिलाफ रची जा रही है साजिश :** सीएम हेमंत ने कहा कि 25 अगस्त से सरकार के खिलाफ साजिश रची जा रही है। कहा जा रहा है कि निर्वाचन आयोग की तरफ से सदस्यता रद्द कर दी गयी है। लेकिन आज तक लिफाफा नहीं खुला। भाजपा चाहती है कि डरा कर विधायकों को खरीद लिया जाये। इसलिए आज भाजपा देख ले कि सदन के अंदर हम कितने मजबूत हैं। जवाब के वक्त सदन में हंगामा चरम पर था। स्पीकर की बात भी भाजपा विधायक नहीं मान रहे थे।

**इन लोगों (भाजपा) ने सिर्फ व्यापारियों की मदद की :** सीएम ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा देनेवाले इन लोगों ने सिर्फ व्यापारियों की मदद की। पेंशन देने का इनके पास पैसा नहीं है। इन लोगों ने पूरे देश को ताक पर रखने का काम किया है। गैर भाजपा राज्यों में जैसे-तैसे अस्थिर करने का काम हो रहा है। गरीबों के लिए इनके पास पैसा नहीं है। इनके कारनामों को लिखना शुरू किया जाये तो लिखते-लिखते स्याही खत्म हो जायेगी। सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार का काम तमाम मीडिया और सोशल मीडिया के जरिये किया जा रहा है।

## झारखंड सरकार 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण पर जल्द निर्णय लेगी

हेमंत सोरेन ने बाबूलाल के बारे में कहा कि बाबूलाल जितना रंग बदलते हैं, गिरगिट भी उतना रंग नहीं बदलता होगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस की जो शाखाएं चलती हैं, उनमें दलित, आदिवासी और गरीबों को कैसे सताया जाये ये सिखाया जाता है। हेमंत ने कहा कि 1932 और ओबीसी आरक्षण पर सरकार बहुत जल्द निर्णय लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि आपके सामने जो खड़ा है वह शिबू सोरेन का बेटा है, आंदोलनकारी का बेटा है। किसी से डरनेवाला नहीं। राज्य में सुखाड़ है, लेकिन भाजपा को इसकी चिंता नहीं है। इनको करना कुछ नहीं है, इन्हें लूट कर खाने की आदत हो गयी है। फसल लगाये कोई और ये सिर्फ काटना जानते हैं। ये वो लोग हैं, जिनके मुंह में राम और बगल में छुरी रहती है।

## राज्यपाल पीछे के दरवाजे से निकल गये और समरी लाल सदन में बैठे हैं

हेमंत सोरेन ने राज्य के राज्यपाल के बारे में कहा कि राज्यपाल पीछे के दरवाजे से निकल गये। समरीलाल के बारे में सीएम ने कहा कि वह फर्जी सर्टिफिकेट पर विधायक बन कर बैठे हुए हैं। उस पर चुनाव आयोग कोई कार्रवाई नहीं करता है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी जी कैसे-कैसे काम करते हैं यह किसी से छिपा नहीं है। वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो पर हमला बोलते हुए कहा कि सुदेश महतो आदिवासी मूलवासी के सबसे बड़े नेता हैं। इनकी मंशा है दोनों हाथ में लड्डू रहे। एक-एक व्यक्ति की बखिया उधेड़ने लगें तो सालों लग जायेंगे। बस यही बोलना चाहता हूं कि डराने धमकाने का काम नहीं चलेगा। मुझे लगता है कि मैं भैंस के आगे बीन बजा रहा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा का चेहरा भयावह और क्रूर है। वार करना है तो सामने से करो पीठ पीछे वार क्यों करते हो। विपक्ष देख ले कि हम सभी साथ हैं। अगली बार भाजपा अपनी जमानत भी नहीं बचा पायेगी।

## मुस्लिम तुष्टिकरण में सरकार जुटी है : नीलकंठ



**रांची।** सदन में भाजपा के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि ना ही कोर्ट की ओर से, ना ही राज्यपाल ने बहुमत साबित करने को कहा, फिर सरकार विश्वासमत क्यों लाना चाहती है। बीते दिनों से सीएम विधायकों को लेकर जिस तरह से घूम रहे हैं, उससे लगता है कि उन्हें अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है। सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी है। राज्य की बेटियों पर अत्याचार हो रहा है, लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता है। इधर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सदन में सीएम के व्यवहार पर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि सीएम ने सदन में प्रवेश के साथ ही भाजपा पर हमला बोल दिया। साथ ही कहा कि मैं खुद भी स्पीकर रह चुका हूं, ऐसे में कोई विधानसभा अध्यक्ष गलत करेंगे तो मैं चुप नहीं बैठूंगा। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि अपनी कमजोरियों को सरकार छिपाने की कोशिश कर रही है। दुमका में झारखंड की बेटी की हत्या कर दी जा रही है और सरकार नौका विहार कर रही है। रायपुर में रिसॉर्ट में ठहर रही है।

## भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गंभीर नहीं हेमंत सरकार : सरयू



**रांची।** विधायक सरयू राय ने कहा कि सदन में मुख्यमंत्री को कोई भी प्रस्ताव लाने का अधिकार है। जब सरकार बनी थी तो मेरे अलावा कई लोगों ने सरकार में अपना विश्वास जताया था। सदन में जितने भी प्रस्ताव मैंने लाये एक भी प्रस्ताव पर सरकार के अधिकारी ने कार्रवाई नहीं की। सदन में आखिर विश्वास प्रस्ताव क्यों रखा गया ये सवाल मेरे भी मन में है। उन्होंने कहा कि पता नहीं सदन की कार्यवाही के बाद यूपीए के विधायक कहां जायेंगे। फिर से रायपुर जायेंगे, सर्किट हाउस में रहेंगे या घर जायेंगे यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। इस पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने नाराजगी जतायी तो दोनों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। सरयू राय ने कहा कि आप चुप रहिए आप एक भ्रष्ट मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी मर्जी से काम करते हैं और सरकार आप पर कोई कार्रवाई नहीं करती। सरयू राय ने कहा कि सरकार के पास अपार बहुमत है। गिरने का सवाल ही नहीं है। सरकार को भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। यूपीए के तीन विधायक आज कोलकाता में हैं। आज तीन हैं कल तेरह होंगे। सरयू राय ने कहा कि मंत्री अपने भ्रष्ट आचरण का प्रमाण दे रहे हैं, लेकिन सीएम कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

## अपने विधायकों पर ही विश्वास नहीं : सुदेश



**रांची।** आजसू नेता सुदेश महतो ने सदन में कहा कि सत्तापक्ष जो बहुमत साबित कर रहा है, वो गलत है। किसी ने उनसे बहुमत साबित करने को कहा ही नहीं है। शायद यूपीए को अपने विधायकों पर विश्वास नहीं है। उन्हीं का विश्वास शायद जीतने की कोशिश हो रही है, जो आत्मविश्वास सदन में 2019 में जीत कर आने के बाद यूपीए के विधायकों में था, वो आज बिल्कुल नहीं दिख रहा है। साथ खड़े तो हैं लेकिन चेहरे से झलक नहीं रहा। अपनी सरकार में विश्वास जीतने के लिए अपनी ही सरकार के विधायक और मंत्री राज्य से बाहर नहीं जाते। उन्होंने कहा कि इससे बेहतर होता सरकार स्थानीय नीति, नियोजन नीति, जातीय जनगणना, और ओबीसी आरक्षण पर चर्चा कराती। ऐसा क्या हो गया है कि विधायकों को मुख्यमंत्री के दरवाजे से विधानसभा में आना पड़ा।

## पहली बार ऐसे तेवर में दिखे सीएम हेमंत सोरेन : चुन-चुन कर किया विपक्ष पर हमला, आलोचकों को किया शांत

# जीते हैं हम शान से, विपक्ष जलता रहे हमारे काम से

अजय शर्मा

**रांची।** सोमवार 5 सितंबर को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी रौ में दिखे। यह उनका दिन था। अपने राजनीतिक कैरियर के संभवतः सबसे आक्रामक भाषण में उन्होंने अपने तेवर दिखाये। विधानसभा में पेश विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में उन्होंने जिस तरह से विपक्ष पर हमला बोला और एक-एक मुद्दा उठाया, उससे कई चीजें साफ हो गयीं।

सबसे बड़ी बात, जो सामने आयी, वह यह कि हेमंत सोरेन आत्मविश्वास से लबरेज हैं। वह अपनी दलीलों और तर्कों की मदद से अपनी बात कहते ही नहीं, साबित भी करते हैं। अपने भाषण में उन्होंने किसी को नहीं छोड़ा। चाहे असम के सीएम हों या देश के पीएम। सबको कठघरे में खड़ा किया और मजबूत सरकार को अस्थिर करने का आरोप मढ़ दिया। हाल के दिनों में किसी भी मुख्यमंत्री का इस तरह का



हमलावर भाषण सुनने को नहीं मिला था। जब मुख्यमंत्री बोलने जा रहे थे, तो उन्होंने सबसे पहले यही कहा: चुपचाप सुनिये, मैदान छोड़कर मत भागिये। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया कि किस तरह से कोरोना काल में सरकार ने काम किया।

दूसरी बात जो इस दौरान साफ हुई, वह यह कि हेमंत सोरेन को अब कोई बरगला नहीं सकता। वह एक कुशल रणनीतिकार की तरह व्यवहार करने लगे हैं। मुख्यमंत्री क्रमवार विपक्ष पर हमला बोल रहे थे, लेकिन कहीं भी बिलो दि बेल्ट प्रहार नहीं किया। विधायक कैश कांड का ठीकरा उन्होंने असम के मुख्यमंत्री के सिर फोड़ा, वहीं प्रधानमंत्री के बारे में कह दिया कि एक तरफ आदिवासी राष्ट्रपति बनाते हैं, तो दूसरी तरफ आदिवासी मुख्यमंत्री को गिराने की कोशिश कर रहे हैं। हेमंत ने संवैधानिक संस्थाओं पर भी सवाल उठाये और अपनी ताकत का एहसास कराया। उन्होंने कहा, 25 अगस्त से जिस तरह से राज्य में वातावरण तैयार किया गया है और राज्यपाल दिल्ली में जाकर बैठ गये हैं, उससे सब अनिश्चित है। सब देख लें कि हम सदन के अंदर भी मजबूत हैं और बाहर तो उससे ज्यादा भी मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि किस तरह से उनकी सरकार काम कर रही है, यह सहायक पुलिस कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, पेंशन पाने वाले लोगों से पूछिये। इसके साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दे दिया कि वह चुनाव मैदान में उतरने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कह दिया कि सरकार 1932 की स्थानीय नीति पर काम कर रही है और ओबीसी के आरक्षण को बढ़ाने पर भी जल्द फैसला लिया जायेगा। यह निर्णय अगर सही में सरकार की ओर से होगा, तो उसका सीधी असर वोट पर पड़ेगा।

सीएम ने यह भी इशारा कर दिया कि वह किसी भी हमले से डरने वाले नहीं हैं। आंदोलनकारी परिवार से आते हैं। सभी हमले का डटकर सामना करेंगे। सीएम का यह तेवर शक्ति परीक्षण में सफल होने के बाद भी जारी रहा, जब उन्होंने ट्वीट किया: जीते हैं हम शान से, विपक्ष जलता रहे हमारे काम से।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 56,000 रु./प्रति किलो |

## विशेष सत्र : झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में दिखा मुख्यमंत्री का आक्रामक चेहरा

# हेमंत बोले, खूब बोले और क्या नहीं बोले

आजाद सिपाही विशेष

**5 सितंबर, 2022 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पेश विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई और बाद में मत विभाजन हुआ। विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहली बार इतने आक्रामक तरीके से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री बोले। खूब बोले, क्या कुछ नहीं कहा उन्होंने। पहली बार उन्हें इतने आवेश में बोलते हुए देखा गया। उन्होंने भाजपा विधायकों से लेकर केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी तक पर खूब व्यंग्य बाण चलाये। उन्होंने कहा कि किस तरह उनकी चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। पैसे से सरकार गिराने की कोशिश हो रही है।**



### विपक्ष से आग्रह है कि वह बहस से भागे नहीं

अपने भाषण की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष के साथियों से करबद्ध प्रार्थना है कि बहस से भागें नहीं। बहस के दौरान नोक-झोंक तो होती रहती है और सब एक-दूसरे की बात सुनते भी हैं। जिनको जरूरत पड़ती है, फोन लगा करके सुन लेते हैं। इसलिए मेरा आप लोगों से आग्रह होगा कि इस प्रस्ताव को आप लोग कृपया पूरा सुनें और मैदान छोड़ कर भागने का प्रयास न करें।

### राज्य की सवा तीन करोड़ जनता में आप भी हैं, हम भी हैं

मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता इस चर्चा को देख-सुन रही है। यह विधानसभा सवा तीन करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करती है। इस सवा तीन करोड़ जनता में आप लोग भी शामिल हैं और हम भी। इसलिए जब हम राज्य के सवा तीन करोड़ लोगों को संतुष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं, तो स्वाभाविक रूप से इसमें आप लोग भी शामिल हैं। आपको भी संतुष्ट करने का हमारा प्रयास होगा, हालांकि आप लोगों की चाहत और आप लोगों की इच्छा इतनी ऊंची है कि आपको संतुष्ट करना मुश्किल है।

### विश्वास प्रस्ताव की जरूरत क्यों

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, विश्वास प्रस्ताव को लेकर यहां आज सत्र बुलाया गया है। कई लोग कह रहे हैं कि हमारी सरकार को बहुमत है, तो विश्वास मत की क्या आवश्यकता है। इस प्रस्ताव के माध्यम से हम और यह सरकार यह साबित करना चाहती है और देश को, राज्य की जनता को यह बताना चाहती है की वर्तमान हमारी यूपीए की सरकार को विश्वास हासिल है। किसी को इस बात पर संदेह नहीं करना चाहिए।

### वैश्विक महामारी कोरोना की चुनौती हमने स्वीकार की

हेमंत सोरेन ने कहा, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का भी हमने सामना किया और उसकी चुनौती स्वीकार की। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को जिस तरीके से हमारी सरकार ने संभाला है और यह सौभाग्य हम सब लोगों को प्राप्त हुआ, यूपीए गठबंधन प्राप्त हुआ, वह काबिले तारीफ है। यह महामारी हमारी सरकार के दौरान आयी। अगर इनके दौरान आती, तो पता नहीं, यहां के गरीबों, आदिवासियों, दलितों का क्या होता। यहां के मजदूरों का क्या होता। ये लोग पहले कहते थे कि हवाई चप्पल वालों को हम हवाई जहाज में चढ़ायेंगे। कोरोना के दौरान इन्होंने तो हवाई चप्पल वालों को सड़क पर भी चलने लायक नहीं छोड़ा। झारखंड जैसे गरीब और संसाधनविहीन राज्य को जिस तरीके से हमारी सरकार ने संभाला है, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। कोरोना जैसी महामारी में लोगों की सेवा करने का, उनके सुख दुख में उनके साथ खड़ा होने का, उनके आंसू पोंछने का सौभाग्य हम लोगों को प्राप्त हुआ। हमारी जगह अगर इनकी सरकार होती और महामारी आती तो यहां के गरीब आदिवासियों का क्या होता, गरीब मजदूरों का क्या होता, यह कहना बड़ा मुश्किल है। इनके आका बोलते थे कि हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज पर घुमायेंगे, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने तो गरीब मजदूरों को सड़क पर भी नहीं चलने दिया। डंडा मार कर भगाया। उन्हें भीख मांगने लायक भी नहीं छोड़ा।

### हर घर तिरंगा अभियान एक एजेंडा था

हेमंत ने कहा, देश अभी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। हम आजादी के 76वें वर्ष में हैं। इस दौरान देश में जिस तरीके से झंडा लगाने का एक एजेंडा फिट किया गया, वह अपने आपमें अनोखा है। जिस तरीके से हमारे भारतीय जनता पार्टी के साथियों में झंडा बेचने का काम किया है, यह भी पूरे देश को पता चला। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि झंडा बेचने के साथ-साथ लोगों ने क्या-क्या किया। पूरे जीवन में तिरंगा झंडा तो इन लोगों ने फहराया नहीं, और जब बेचने की बारी आयी, तो लगे झंडा बेचने। यही इनका दोहरा चेहरा है।

### बीजेपी ने लोकतंत्र को बेचा

मुख्यमंत्री ने कहा, बीजेपी ने लोकतंत्र को बेचा है। व्यापारियों का कर्ज माफ करते हैं। इन लोगों के पास जनता को देने के लिए पैसा नहीं है और राज्य सरकारों पर रेवड़ी देने का आरोप लगाते हैं। देश की गैर भाजपा सरकार को संवैधानिक संस्थानों का दुरुपयोग करके परेशान करने का काम किया जा रहा है। ये लोग हाथी उड़ाने का काम करते हैं, सोने की थालियों में खाना खाते हैं। ये लोग देश को बांटने का काम कर रहे हैं। जहां हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई होती है, वहां ये हावी हो जाते हैं।

### गृह युद्ध की स्थिति पैदा कर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा

हेमंत ने कहा, भाजपा चुनाव जीतने के लिए दंगे भड़का कर देश में 'गृह युद्ध' जैसे हालात पैदा करने की कोशिश कर रही है। आज ये ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं कि एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाने में लगे हुए हैं। ये गृह युद्ध की स्थिति पैदा करना चाहते हैं और दंगा कर चुनाव जीतना चाहते हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जब तक यहां यूपीए की सरकार है, तब तक ऐसे मंसूबे को हवा नहीं मिलेगी।

### लोकतंत्र में लोक ही बचा, तंत्र को खत्म कर दिया

मुख्यमंत्री ने कहा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा झारखंड के विधायकों की खरीद-फरोख्त करने की कोशिश कर रहे हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं, वहां वह लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। 2024 के लिए इन्होंने सर्वे कराया है, जिसमें इनका सूपड़ा साफ होता दिख रहा है, इसलिए सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। आज हमारे तीन विधायक बंगाल में हैं। इनकी खरीद-फरोख्त की जिम्मेदारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर है। ये जांच के लिए पुलिस का सहयोग नहीं कर रहे हैं। लोग बाजार से सामान खरीदते हैं, राशन खरीदते हैं, लेकिन बीजेपी विधायक खरीदती है। गैर बीजेपी सरकारों को संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल करके परेशान किया जाता है। हमने राज्य के विकास के लिए इतने काम किये हैं कि अगर बताऊंगा तो लिखते-लिखते इनकी स्याही खत्म हो जायेगी। हमारी सरकार को बदनाम करने का वृहद पैमाने पर षडयंत्र रचा गया। बड़े-बड़े पत्रकारों का इस्तेमाल हुआ। प्रेस-मीडिया का इस्तेमाल हुआ। सोशल मीडिया का इस्तेमाल हुआ। मुझे बहुत दुख होता है कि आज के दिन में आजादी के पहले जो मनुवादी की होड़ स्थापित रही है, आज भी उसको बढ़ावा दिया जा रहा है। ये हिंदू, मुसलिम, सिख, इसाई का नारा लगा कर देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। आज जिन क्षेत्रों में घटनाएं हो रही हैं, वहां उनके नेता हवाई जहाज से पीड़ितों से मिलने आ रहे हैं। कहते हैं कि राज्य सरकार उनकी मदद करे। अगर सचमुच में मदद ही करनी है तो हवाई जहाज की जगह वही पैसे गरीबों को दे दो। अगर इनके पास इतने पैसे हैं तो इन्होंने मजदूरों का रेस्क्यू क्यों नहीं करवाया। हमारी सरकार राज्य के किसी व्यक्ति को मरने के लिए नहीं छोड़ सकती। हमने कई बच्चियों को इलाज के लिए हवाई लिफ्त करवाया। एक बच्चे को भी एयरलिफ्ट करवाया।

### राज्यपाल दिल्ली जाकर बैठे हैं

हेमंत सोरेन ने कहा, 25 अगस्त से इस राज्य में ऐसा वातारण तैयार किया जा रहा है, इलेक्शन कमीशन और राज्यपाल के द्वारा। चुनाव आयोग कहता है कि हमने राज्यपाल को अपना मंतव्य भेज दिया है। राज्यपाल चुपचाप बैठ जाते हैं। हमारी सदस्यता को लेकर निर्वाचन आयोग और राज्यपाल की तरफ से सूत्रों के हवाले से बार-बार खबरें फैलायी जाती हैं। निर्वाचन आयोग कहता है कि हमने तो राज्यपाल को भेज दिया है। जब हमारे लोग उनके पास जाते हैं जानने के लिए, तो राज्यपाल कहते हैं कि हां पत्र मिल गया है, हम दो से तीन दिन में अवगत करा देंगे। लेकिन आज तक उन्होंने अवगत नहीं कराया। राज्यपाल राज्य में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल राजभवन के पिछले दरवाजे से निकल कर दिल्ली में जाकर बैठे हैं, जबकि उन्हें चुनाव आयोग के परामर्श को सरकार को बताना चाहिए। विधायकों को डरा कर धमका कर और खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। यह सत्र इसलिए बुलाया गया है कि देख लो, हम सदन में और बाहर कितने मजबूत हैं।

### हमें डराने-धमकाने से काम नहीं चलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा, अगर मैंने एक-एक के बारे में बोलना शुरू किया, तो यह सत्र भी कम पड़ जायेगा। आज कर्मचारियों के चेहरे पर मुसकान देख लो। आज पुलिसकर्मियों के चेहरे पर मुसकान है। सहायक पुलिसकर्मियों के चेहरे पर मुसकान है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के चेहरे पर मुसकान है। हमें डराने-धमकाने से काम नहीं चलेगा। इस राज्य की जनता जाग गयी है। बड़ा काम करने की कोशिश कीजिये। जब देश का प्रधानमंत्री राज्यों से द्वंद्व कर रहा हो, तो देश का क्या खाक विकास होगा। हमारा नाम हेमंत सोरेन है। हम किसी से डरनेवाले नहीं हैं। हम शिबू सोरेन का बेटा हैं। आंदोलनकारी का बेटा हैं।

हम न किसी से डरते हैं और न डराते हैं। आज राज्य में ऐसी सरकार है जो, बुरे काम करने वालों को कड़ी सजा देगी। मेरी सदस्यता को लेकर हाय-तौबा मची हुई है। इनका एक विधायक समरी लाल फर्जी आदमी है। दूसरे राज्य का फर्जी सर्टिफिकेट बनवा कर झारखंड का विधायक बन बैठा है। दो-तीन बिकाऊ विधायक यहां बैठे हैं। अब इनको मुंह छिपाने की जगह भी नहीं मिलती है।

आदिवासी को राष्ट्रपति बना कर, आदिवासी सीएम की कुर्सी लेना चाहते हैं हेमंत ने कहा, इनका चेहरा इतना भयानक और डरावना है कि कोई इन्हें पहचान नहीं सकता। अगली बार आप लोग अपनी जमानत भी नहीं बचा पायेंगे। इन्हें करना-धरना कुछ नहीं है। इन्हें लूट कर खाने की आदत है। फसल लगायेगा कोई और खायेंगे ये। ये आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बना कर आदिवासी मुख्यमंत्री की कुर्सी छीनना चाहते हैं। इनके मुंह में राम और बगल में छुरी है। हमने किसानों की कर्जमाफी की, कई जिलों में सुखाड़ है। हम किसानों के लिए जल्द एक बेहतर योजना लाने वाले हैं।

### ये लोग मनोज तिवारी, कपिल मिश्रा को लाते हैं, स्थानीय सांसद को भूल जाते हैं

हेमंत ने कहा, ये लोग बीमारों-पीड़ितों को एयर रेस्क्यू करने की बात करते हैं। अरे ये क्या बात करेंगे। 2019 तक इन्होंने कितने लोगों को एयर रेस्क्यू किया और हमने कितने का किया, हिसाब लगा लीजिये। हमने तो पीड़ितों के अलावा मुजरिमों को भी एयर रेस्क्यू किया है। हम किसी को मरने के लिए नहीं छोड़ते। और ये लोग, चार्टर्ड विमान से आते हैं, मनोज तिवारी, कपिल मिश्रा को साथ लाते हैं और स्थानीय सांसद को भूल जाते हैं। कैसे लोग हैं ये, आप खुद अंदाजा लगा लीजिए।

### सरना कोड का क्या हुआ, क्यों नहीं लागू कराते

हेमंत ने कहा, हमने सरना कोड पास करके केंद्र के पास भेजा था। ये लोग बतायें कि उसका क्या हुआ। क्यों आज तक वह मामला लटका हुआ है। उसे ये लोग लागू क्यों नहीं कराते। भाजपा विधायकों की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आज ये केंद्र सरकार के अहंकार और घमंड में इतने चूर हैं कि ये जानते हैं कि हम जो चाहेंगे कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा। जो गलत काम करेगा, उसे कठिन से कठिन सजा देने का हम प्रयास करेंगे।

### तैयारी कर लीजिये, ओबीसी आरक्षण और 1932 के खतियान पर फैसला जल्द

हेमंत सोरेन ने कहा, हमारी सरकार ओबीसी आरक्षण और 1932 के खतियान के साथ नियोजन नीति पर जल्द ही फैसला लेकर आयेगी। इसलिए विपक्ष अभी से तैयारी कर ले। उसे दिल्ली से मंजूरी दिलानी होगी।

### सुदेश, बाबूलाल पर कटाक्ष

हेमंत सोरेन ने कहा, आदिवासी-मूलवासी के सबसे बड़े नेता सुदेश महतो का हमेशा प्रयास रहा है कि हमारे दोनों हाथों में लड्डू रहे। ऐसे ही लोगों की वजह से इस राज्य को छला गया है। इसलिए स्थानीयता, 1932 या सीएनटी, एसपीटी, ओबीसी आरक्षण की बात जरूरी है। बाबूलाल बतायें कि ओबीसी आरक्षण किसने घटाया। गिरगिट भी इतना रंग नहीं बदलता, जितना बाबूलाल मरांडी बदलते हैं। भाजपा के बीच में आरएसएस के लोग हैं। इनकी शाखाएं चलती हैं। उसमें बताया जाता है कि कैसे आविासी मूलवासी को मूर्ख बनाया जाये। अभी इन्हें पारसनाथ में सिखाया गया। हमारी सरकार 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति पर आगे बढ़ रही है। आप इसे भारत सरकार से पास करवा कर लाना। हेमंत सोरेन ने कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं, जो पाला बदलते रहते हैं और आदिवासियों मूलवासियों को धोखा देते रहते हैं। इनका चेहरा इतना भयावह, इतना क्रूर और इतना डरावना है कि कहा नहीं जा सकता। आप लोग चिंता न करें अगली बार आप अपनी जमानत बचा लें, यही काफी होगा। हमारी सरकार की मंशा साफ है और हम चाहते हैं कि आपको जो भी हथियार चलाना है, षडयंत्र करना है, सामने से आओ। पीठ पीछे से वार मत करो। हम एक-एक आरोप का जवाब देने को तैयार हैं। चूहों की तरह कुतरने का काम न करें, बड़ा काम करने की कोशिश करें। दंगा करके किसी का भला नहीं हुआ। आग लगा कर कभी भी राज्य का विकास नहीं हो सकता।

---

## कलकत्ता हाइकोर्ट : समन होने पर 24 घंटे के भीतर सीआइडी के समक्ष होना होगा हाजिर

# तीन कांग्रेसी विधायकों को सशर्त गृह राज्य जाने की अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कलकत्ता हाइकोर्ट ने सोमवार को कैश कांड में जमानत पर रिहा झारखंड के तीन विधायकों को अपने गृह राज्य जाने की सशर्त अनुमति दे दी। यह आदेश हाइकोर्ट के न्यायाधीश जयमाल्या बागची और न्यायाधीश अनन्या बनर्जी की खंडपीठ ने दिया है। पहले हाइकोर्ट ने तीनों विधायकों को जेल से छूटने के बाद कोलकाता में ही रहने और झारखंड नहीं जाने की शर्त पर जमानत दी थी। अब खंडपीठ ने कहा कि झारखंड में विधानसभा का काम है, तो जांचकर्ताओं को सूचना देकर तीनों विधायक गृह राज्य जा सकते हैं।



पिछले जुलाई में झारखंड के तीन विधायकों राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाढ़र और इरफान अंसारी को हावड़ा के पंचला में 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। हाइकोर्ट ने उन्हें 17 अगस्त को सशर्त जमानत दे दी थी। शर्त यह थी कि वे झारखंड नहीं जा सकते हैं। उन्हें कोलकाता में ही रहना होगा। लेकिन हाल ही में उन तीनों विधायकों ने कोर्ट को बताया कि विधानसभा में उनके कई काम हैं। यह पत्र झारखंड विधानसभा से भी आया है। उन्होंने अदालत से अपील की कि उन्हें बकाया काम पूरा करने की अनुमति दी जाये। इस अर्जी को देखते हुए खंडपीठ ने सोमवार को आदेश दे दिया कि विधायक कोलकाता छोड़ कर विधानसभा के कामकाज में शामिल होने के लिए झारखंड जा सकते हैं। हालांकि बताया गया है कि पड़ोसी राज्य की विधानसभा से पत्र मिलने पर ही वे जा सकेंगे। इसके अलावा अदालत ने स्पष्ट किया कि वे विधानसभा के काम के लिए ही झारखंड में रह सकते हैं। लेकिन काम पूरा होने के बाद उन्हें वापस कोलकाता आना होगा। वे विधानसभा कार्य के अलावा किसी अन्य कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकते। इतना ही नहीं, अगर उन्हें झारखंड में रहते हुए बंगाल सीआइडी के अधिकारियों द्वारा जांच के उद्देश्य से बुलाया जाता है, तो उन्हें 24 घंटे के भीतर हाजिर होना होगा।

## वृंदाहा जलप्रपात में नहाने गये तीन छात्र डूबे

### दो का शव बरामद, तीसरे की तलाश जारी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदाहा जलप्रपात में सोमवार को नहाने गये तीन युवक पानी में डूब गये। इनमें दो के शव बरामद किये गये हैं, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। बता दें कि तीनों छात्र तिलैया थाना क्षेत्र के रहनेवाले थे और स्थानीय मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ाई करते थे। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस होने के कारण विद्यालय न जाकर वे पिकनिक मनाने वृंदाहा जलप्रपात गये हुए थे। छात्रों के अभिभावकों ने बताया कि वे घर से सीएच स्कूल में खेलने की बात कहकर घर से निकले थे। पर वे वृंदाहा कैसे पहुंचे उसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं मौके पर पहुंचे तिलैया थाना प्रभारी रामनारायण ठाकुर ने बताया कि अंधेरा हो जाने के कारण युवकों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। घटनास्थल से बच्चों के कपड़े और नजदीक से मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। फिलहाल झग्गड़ से शव को तलाशने की कोशिश की जा रही है। लापता युवकों में निखिल कुमार सिंह (15, पिता उमेश सिंह), रोहित राणा (18, पिता रामचंद्र राणा) व अंश कुमार (15, पिता प्रिंस भाटिया) शामिल हैं। इनमें दो युवको रोहित राणा और निखिल कुमार सिंह के शव बरामद कर लिये गये हैं, वहीं एक की तलाश जारी है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 495 दिनांक 27.08.2022 के अनुसार मैं, राम चरण मुखियार, पिता स्व. बाका मुखियार निवास ग्राम- लाधुप, पो.- बर्नासिया, थाना- सिल्ली, जिला-रांची, झारखंड। शपथपूर्वक बयान करता हूं। कि निम्न कथन मेरे ज्ञात से सही वो सत्य है।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं तथा उपरोक्त स्थान का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से दो आधार कार्ड (1) रेपु घासी आधार नं. : 3093 5768 0902 तथा (2) रामचरण मुखियार आधार नं.: 3093 5768 0902 से निर्गत है।
3. यह कि मैं अपना सही नाम रामचरण मुखियार के नाम से आधार कार्ड रखना चाहता हूं जो नाम मेरा सही है।
4. यह कि मैं अपना आधार कार्ड सं. 3093 5768 0902 निर्गत है, जो रामचरण मुखियार के नाम से निर्गत है जो सही है।
5. यह कि रेपु घासी गलत है जिसे रद्द करने हेतु यह शपथ पत्र सम्पन्न किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.4 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.02 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.32 बजे | |



## बहुमत : विधानसभा सत्र में हेमंत सोरेन सरकार ने दिखा दी अपनी ताकत

# ध्वनि मत से पारित होने के बाद मत विभाजन कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार बहुमत में है। इस बात को कोई भी इंकार नहीं कर सकता है। बहुमत का आंकड़ा 41 होना चाहिए, जबकि मौजूदा सरकार के पास इससे काफी अधिक संख्या बल है। यह संख्या बल पहले भी था, आज फिर एक बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साबित कर दिया। झारखंड विधानसभा सदन में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि 'मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सभा वर्तमान मंत्रिपरिषद् में विश्वास प्रकट करती है।' इस प्रस्ताव पर ध्वनिमत से 'हां-न' में सरकार ने जीत हासिल कर ली थी, लेकिन अपनी ताकत को पूर्ण रूप से साबित करने के लिए मत विभाजन करवा दिया। जिसके जरिये मंत्रिपरिषद् पर सभा के विश्वास को 100 फीसदी मुहर लगवायी।


### ध्वनिमत से पारित हो चुका था प्रस्ताव

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव सदन में रखा। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने दलों के संख्या बल के आधार पर सदस्यों को इसके पक्ष और विपक्ष में बोलेन के लिए समय आवंटित कर दिया था। मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, आजसू के सुदेश महतो, झामुमो के सुदिव्य सोनू, कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह, प्रदीप यादव, निर्दलीय सरयू राय, एनसीपी के कमलेश सिंह, माले के विनोद सिंह आदि सदस्यों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। इसके बाद सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री के पक्ष रखने के बाद प्रस्ताव पर ध्वनिमत से पारित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि 'प्रश्न यह है कि यह सभा वर्तमान मंत्रिपरिषद् में विश्वास प्रकट करती है। जो इस प्रस्ताव के पक्ष में हैं वह हां कहें, जो विपक्ष में वह न कहें।' सदस्यों ने हां-न में जबाव दे दिया। ध्वनिमत से प्रस्ताव लगभग पारित हो चुका था। विधानसभा अध्यक्ष इसकी घोषणा भी करने लगे थे, तभी संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने मत विभाजन का प्रस्ताव रख दिया।



### 48 के मुकाबले शून्य रहा मतदान

आलमगीर आलम के प्रस्ताव पर विधानसभा अध्यक्ष ने मत विभाजन की प्रक्रिया शुरू की। प्रस्ताव के पक्ष वाले विधायकों को अपनी-अपनी जगह पर खड़े होने के लिए कहा गया, उनकी गिनती शुरू की गयी। तभी प्रस्ताव के विपक्ष में विचार रखने वाले भाजपा, आजसू और निर्दलीय विधायक सदन का बहिष्कार कर बाहर निकल गये। नतीजतन प्रस्ताव के पक्ष में रहने वाले सदस्य ही सदन में रह गये। इनकी संख्या 48 थी। प्रस्ताव के विपक्ष में एक भी विधायक सदन में मौजूद नहीं थे, इसलिए संख्या शून्य रही।




### भाजपा नेता राजनीतिक षडयंत्र रच रहे हैं: दीपिका

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य के भाजपा नेता राजनीतिक षड्यंत्र कर रहे हैं। हमलोग शर्मिंदा हैं कि झारखंड में जितनी बच्चियों के साथ अन्याय हुआ भाजपा का कोई नेता उन्हें देखने नहीं गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भर्ती चतरा की बेटी को क्या दिल्ली में हमेशा रहने वाले सांसद निशिकांत दुबे उनसे मिलने गये। इस पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वो सभी से मिलने गये थे, तो मजाकिया अंदाज में दीपिका ने कहा कि माफ कीजियेगा सदन ने अभी तक बाबूलाल को भाजपा के नेता का दर्जा नहीं दिया है, वो सवाल भाजपा के विधायक से कर रही थीं। दीपिका पांडेय ने कहा कि महिलाओं के मुद्दे को राजनीतिक बनाना गलत है।

## हंगामेदार रहा विधानसभा का विशेष सत्र



रांची। झारखंड में पिछले कई दिनों से जारी सियासी उथल-पुथल के बीच हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र में एक बार फिर विश्वास मत हासिल किया है। सदन में सरकार के पक्ष में 48 मत पड़े। इस मौके पर भाजपा सदन से वॉकआउट कर गयी। इससे सदन के बाहर से ही विपक्षी भाजपा विधायकों ने आक्रामक रुख अपनाया। सदन के बाहर सख्त रुख दिखाने वाले भाजपा विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैसे ही विश्वास मत के प्रस्ताव पर बोलना शुरू किये तभी भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा। इसके बाद भी सदन में हंगामे की स्थिति बनी रही। विपक्ष दुमका में लड़की जिंदा जलाने और दुष्कर्म की घटनाओं के माध्यम से सरकार को घेरा। हालांकि, सरकार की ओर से इसका जवाब दिया गया। करीब ढाई घंटे चले सत्र में लगातार हंगामा होता रहा। इसके साथ ही विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

### विधायकों को खरीदना चाहती है भाजपा : प्रदीप यादव

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के विश्वास प्रस्ताव का मैं समर्थन करता हूं। 2019 के बाद चार बार उपचुनाव हुए। हर बार यूपीए की जीत हुई, इसलिए भाजपा डरी हुई है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि विधायकों को खरीदना चाहती है। 2014 गवाह है कि कैसे झारखंड विकास मोर्चा के विधायकों को भाजपा ने खरीदा। इस बात के और कोई नहीं बल्कि बाबूलाल मरांडी गवाह हैं। इसका प्रमाण मेरे पास है। चोर मचाये शोर वाली बात हो रही है। इसलिए विश्वास मत लाना जरूरी था।

### हेमंत हैं तो हमें विश्वास: सुदिव्य सोनू

विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि विश्वास मत के प्रस्ताव का विरोध करने वाले लोगों को जनता के मैनडेट पर भरोसा नहीं है। 2019 में झारखंड की जनता ने ये वादा किया था कि हेमंत है तो हिम्मत है। हेमंत है तो हमें विश्वास है। हमें विश्वास है कि झारखंड की हर बेटी के घाव में हेमंत मरहम लगायेंगे। झारखंड की जनता बड़ी गौर से देख रही है। भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री बर्दाश्त नहीं कर पा रही है, इसलिए सरकार को अपदस्थ करने की लगातार कोशिशें हो रही हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।
- **वृष** — मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी,अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी।
- **मिथुन** — हर्ष-विषाद की समानता,अनेक विपदाओं का सामना करना होगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी।
- **कर्क** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा।
- **सिंह** — नये लोगों से संपर्क,महिला मित्र के माध्यम से लाभ,शुभ समाचार मिलेगा।
- **कन्या** — विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा।
- **तुला** — सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा।
- **वृश्चिक** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी परंतु कुछ आवश्यक काम बनेगा।
- **धनु** — सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल।
- **मकर** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।
- **कुंभ** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

### प्रदीप यादव किस पार्टी की ओर से बोल रहे : रणधीर सिंह

इससे पहले प्रदीप यादव बोलने के लिए खड़े हुए तो भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने इसका विरोध किया। रणधीर सिंह ने कहा कि प्रदीप यादव किस पार्टी की ओर से सदन में अपनी बात रख रहे हैं यह स्पीकर को स्पष्ट करना चाहिए।






आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के सभागार में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता एवं उप प्राचार्य केआर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने अपना विचार व्यक्त करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को ईमानदारी एवं निष्ठा से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का सुझाव दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है और चरित्र-निर्माण एवं नैतिक तथा मानवीय मूल्यों के प्रति भी शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने डॉ राधाकृष्णन के महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। उप प्राचार्य केआर झा ने कहा कि शिक्षक वह है, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य करता है। उन्होंने शिक्षकों की ईमानदारी, समर्पण कर्मठता एवं समय निष्ठता के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया एवं सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन ने उप प्राचार्य सहित विद्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

### फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में टीचर्स डे मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर टीचर्स डे मनाया गया। टीचर्स डे का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं केक काट कर किया गया, जिसमें संस्थान के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के निदेशकडॉ शाहीन कौशर ने शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है, इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 1962 में जब डॉ साहब ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण किया, तब उनके कुछ मित्र, शिष्य और सगे संबंधी उनका जन्मदिवस मनाने के लिए उनके पास आये और उनसे अनुरोध किया कि वो उन्हें जन्मदिन मनाने की अनुमति दें। लेकिन डॉ साहब की सादगी ने यहां भी सबको मोहित कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिवस को अलग से मनाने के बजाय, इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनायें। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वहीं कॉलेज के प्राचार्या प्रमिला बाखला ने कहा कि ज्ञान ही इंसान को जीने योग्य जीवन की दिशा में ले जाता है। मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ शाहीन कौसर, प्राचार्या प्रमिला बाखला, विनिशा बंश्रीयर, सिम्मी मिंज, जूली किस्कू, नमिता टोपनो, प्रतिमा बारा, रोहिणी बाखला, अल्का कुजूर, लवली कुमारी, वर्षा कुमारी, प्रियंका रानी, शिवानी तिर्की, शोएब अख्तर, बिनीता खलखो, सत्यप्रकाश हिमांशु, प्रयातोष रंजन, कौशल कांत, कलाम अंसारी, हाजी मंसूर, शादिक अंसारी, माखूज, शहनवाज एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### केंद्रीय सरना समिति ने जारी किये दिशा-निर्देश



रांची (आजाद सिपाही)। करम पूजा महोत्सव को लेकर केंद्रीय सरना समिति की ओर से सोमवार को कई दिशा-निर्देश जारी किये गये। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कचहरी परिसर स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि करम त्योहार आदिवासी संस्कृति का अद्भुत संगम है। करम त्योहार प्रत्येक वर्ष शुक्ल पक्ष भादो एकादशी के दिन मनाया जाता है। करम डाल की पूजा कर आदिवासी पूरे प्रकृति का आभार प्रकट कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। इनमें प्रमुख रूप से गांव मौजा के लोगों को अखरा की साफ-सफाई करने, करम डाल काटते समय पूरे विधि-विधान का पालन करने, अखरे में जुता चप्पल पहनकर प्रवेश ना करने, नशा का सेवन कर अखरा में प्रवेश ना करने, कथावाचक से करम पूजा की पूरी कहानी सुनने, महिलाओं को लाल पाढ़ साड़ी एवं पुरुष को धोती, गंजी और पगड़ी पहनने, पूजा से पहले जावा फुल का प्रयोग ना करने, अखरा में ढोल मांदर के साथ नृत्य संगीत करने और आधुनिक डीजे गाना नहीं बजाना शामिल है। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, महिला शाखा अध्यक्ष नीरा टोपो एवं अन्य उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने निकाली मुख्यमंत्री आभार यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री आभार यात्रा निकाली। यह यात्रा जिला स्कूल से निकली और राजभवन तक गयी। हेमंत सरकार द्वारा मानदेय में 9,500 रुपये तक की बढ़ोत्तरी किये जाने पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं काफी उत्साहित दिख रही थीं। सभी ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। संघ की प्रदेश अध्यक्ष माला कुमारी ने कहा कि झारखंड राज्य में कई सरकारें आयीं और गयीं, लेकिन वर्षों से लंबित हम लोगों की मांगों को किसी भी सरकार ने पूरा नहीं किया। हेमंत सरकार ने सेविका सहायिकाओं की मांग पूरी की है। माला कुमारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा जोबा मांझी और दीपिका पांडेय सिंह को भी धन्यवाद दिया।



### विधानसभाकर्मियों ने जताया आभार

**रांची।** झारखंड में पुरानी पेंशन योजना फिर से बहाल करने पर सीएम हेमंत सोरेन का हर दिन आभार प्रकट किया जा रहा है। सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र के बाद विधानसभा कर्मियों ने सीएम का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इससे पूर्व राज्य कर्मचारियों ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम का अभिवादन किया। इस मौके पर सीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि वर्तमान सरकार सभी के सुख-दुःख के साथ खड़ी है। सभी के चेहरे पर मुस्कान लाना इस सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आप सरकार पर विश्वास रखिए, आपके हर समस्या का समाधान होगा।

### विधायक ममता देवी के नवजात बेटे को दुलारते दिखे सीएम, दिया आशीर्वाद



रांची। बीते 13 अगस्त को रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने सदर अस्पताल में एक बेटे को जन्म दिया था। सोमवार को वह अपने बच्चे के साथ विधानसभा पहुंची थीं, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके बच्चे को खूब दुलार किया। बच्चे को अपने गोद में भी उठाया। ममता देवी के पुत्र को सीएम आशीर्वाद और शुभ आशीष देते हुए दिखे। जैसे ही ममता देवी अपने बच्चे के साथ विधानसभा पहुंची वैसे ही बाकी विधायकों ने उन्हें घेर लिया। सबने बच्चे को गोद में लिया और सभी बच्चे को दुलारते दिखे।

### रांची जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**रांची।** झारखंड राज्य जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि लगभग 300 पदाधिकारी और कर्मचारी पिछले दस वर्षों से ज्यादा समय से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) में अनुबंध पर लगातार कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी की सेवा के नियमितीकरण अथवा अन्य विभागों / कार्यालयों में समायोजन किया जाए। उन्होंने पिछले 10 माह से मानदेय का भुगतान लंबित रहने समेत अन्य समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से इन समस्याओं के निराकरण की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर जायज और यथोचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विधायक बसंत सोरेन भी मौजूद थे।

# विश्वास प्रस्ताव का पत्र देना असंवैधानिक : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को पार्टी कार्यालय में विधायक दल की बैठक हुई। बैठक के बाद भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखा। पत्र के जरिए अध्यक्ष से सरकार के एक दिवसीय विधानसभा सत्र को खारिज करने की मांग की है।



मरांडी ने झारखंड सरकार के एक दिवसीय विधानसभा सत्र को बुलाये जाने को असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने कहा कि नियमतः संविधान के अनुच्छेद-163 के तहत मुख्यमंत्री और विधान परिषद राज्यपाल की सहायता एवं सलाह देने के लिए होती है अतः मुख्यमंत्री को यह प्रस्ताव राज्यपाल को देना चाहिए था न कि अध्यक्ष को। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 164 (2) के अनुसार राज्यपाल ही यह आदेश दे सकते हैं कि मंत्रिपरिषद विधानसभा में विश्वासमत हासिल करे। मुख्यमंत्री ऐसा प्रस्ताव बिना राज्यपाल के अनुमति के विधानसभा अध्यक्ष को नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस संविधान को ताख पर रखकर मनमानी तरीके से सरकार चला रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 166 में यह उल्लेख है कि राज्य सरकार की समस्त कार्यपालिका की कार्यवाही राज्यपाल के नाम पर होगी। अतः मुख्यमंत्री द्वारा अध्यक्ष को भेजा गया प्रस्ताव अनुच्छेद 163 के विरुद्ध है अतः इसे असंवैधानिक घोषित करते हुए खारिज किया जाये। अध्यक्ष संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत इस पर संज्ञान नहीं ले सकते हैं। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि संविधान या प्रक्रिया कार्य संचालन में मंत्रिपरिषद में विश्वास प्रस्ताव का कोई उपबंध नहीं है तथापि भारत के संसदीय लोकतंत्र के एक नयी व्यवस्था के रूप में कायम हो चुका है। राज्यपाल किसी भी मंत्रिपरिषद को विश्वास मत हासिल करने का आदेश दे सकते हैं। अभी तक झारखंड में छह बार विश्वास का प्रस्ताव विधानसभा में प्रस्तुत किया गया है। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि राज्यपाल के आदेश से ही सभा में विश्वास प्रस्ताव रखा जाता है अतः सरकार की तरफ से दिये गये विश्वास प्रस्ताव के लिए सभा को पूर्व में सूचित करना अनिवार्य नहीं होता क्योंकि यह प्रस्ताव राज्यपाल के आदेश से ही रखा जाता है।

# सरला बिरला विवि में शिक्षक दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 160वीं जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने की। मौके पर कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी, शिक्षा दीक्षा तथा जीवन दर्शन के बारे में अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य एक पेशा नहीं बल्कि जीवन शैली है।



शिक्षक समाज के लिए न केवल महत्वपूर्ण बल्कि समाज का सबसे सम्मानित व्यक्ति होता है। उन्होंने कहा कि एक सफल शिक्षक ही अपने धर्म एवं आचरण से भारत को विश्व गुरु बना सकता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने जीवन में शिक्षक से लेकर कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया लेकिन वे सदैव अपने आप को एक शिक्षक के रूप में ही मान्यता दी। कार्यक्रम में प्रो मनोरमा पटनायक, मिनाल श्वेता, प्रो अनुषा लाल, डॉ स्वाति लेखा महतो एवं प्रो आरोही आनंद ने शिक्षक दिवस के बारे में अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का संचालन प्रो आरोही आनंद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीतू सिंघी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी डीन, एसोसिएट डीन, प्राध्यापकगण तथा कर्मचारीवृंद उपस्थित थे।

## सोमवार को एचइसी सेक्टर दो स्थित आवास से अंतिम यात्रा निकली

# साहब हरींद्रानंद के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे अनुयायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिव शिष्यता के जनक और शिव चर्चा के संस्थापक साहब हरींद्रानंद जी का अंतिम संस्कार सीठीयो (धुर्वा) मुक्तिधाम में हुआ। सोमवार को दिन के 12 बजे एचइसी सेक्टर दो स्थित आवास संख्या अ-17 से उनकी अंतिम यात्रा निकली। उनका निधन रविवार को अहले सुबह हो गया था। सांस लेने में दिक्कत और सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद 1 सितंबर की सुबह उन्हें पारस हॉस्पिटल



में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज करनेवाले डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें मेजर हार्ट अटैक आया है। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरियातू रोड स्थित पल्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। वहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। रविवार के तड़के तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को सुबह से ही हजारों की संख्या में हरींद्रानंद जी के अनुयायी अंतिम दर्शन के लिए सेक्टर दो स्थित आवास पर पहुंच रहे थे। इस दौरान तकरीबन तीन किलोमीटर लंबी कतार में लोग खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। इससे पहले झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक नवीन जायसवाल सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्वामी हरींद्रानंद जी के देशभर में करोड़ों अनुयायी हैं। बिहार प्रशासनिक सेवा से अवकाश ग्रहण के बाद वह पूरी तरह से धर्म-अध्यात्म को समर्पित हो गये थे। हालांकि, अध्यात्म के प्रति उनकी गहरी रुचि बचपन से ही थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में सोमवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति एवं गुरु वंदना और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। छात्र-छात्राओं ने स्कूल एक्ट नाटक के माध्यम से स्कूली जीवन की तमाम बारीकियों को मंच पर जीवंत कर दिया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष पंचम सिंह और आनंदमयी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि भारत गुरु शिष्य परंपराओं के उत्कृष्ट मसालों का देश है। बच्चों ने कार्यक्रम एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज, शिक्षक सतीश मिश्रा, मोनिका मुंडू और शिल्पा शाहदेव के निर्देशन में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन पटनायक, फैजान रजा, शिफा जावेद और दीपांशा श्रुति ने किया।

### छोटानागपुर पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



रांची (आजाद सिपाही) छोटानागपुर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुखनाथ महतो तथा सभी शिक्षक गण ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्ण के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्जित किये। कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं ने इस पूरे कार्यक्रम की अगवाई तथा प्रबंधन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों तथा छात्र छात्राओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रतिभा, चौधरी शबनम परवीन, नंद किशोर महतो, सृष्टि त्रिपाठी, शिल्पा कुमारी, अनिल महतो, अनिता कुमारी, आफरीन परवीन, आकांक्षा सिंह, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### डीएसपीएमयू में शिक्षक दिवस का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के बीएड विभाग में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य थे। कुलपति ने कहा कि भारत में गुरु शिष्य परंपरा प्राचीन काल से ही चली आ रही हैं। जीवन में गुरु का बड़ा ही अहमियत है, कुछ गुरु तो आज भी द्रोणाचार्य हो जाते हैं। आज भी कितने एकल्वय देखने को मिल जाता है। शिक्षक ईश्वर का दिया हुआ वह उपहार हैं जो हमेशा बिना किसी स्वार्थ व भेदभाव के अपने हर शिष्य को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करता है। इस अवसर पर सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद बीएड के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनिल कुमार, बीएड के समन्वयक प्रो राजेश कुमार सिंह, बीएड विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सेवेन स्टार्स एकेडमी में मना शिक्षक दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। सेवेन स्टार्स एकेडमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने खूब धमाल मचाया। विद्यालय प्रबंधन की सचिव सीमा तिग्गा, प्रबंधन समिति के सदस्य तथा विद्यालय के निदेशक बिंदेश्वर बेक, प्राचार्य डॉक्टर बब्बन कुमार उप प्राचार्य, रितु प्रिया, प्रफुला कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा सम्मानित रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिक्षक दिवस का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के निदेशक बिंदेश्वर बेक ने अपने भाषण में विद्यार्थियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन का श्रृंखला है तथा ज्ञान का मूल स्रोत है कआप अपना कर्म करें और शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड का नाम रोशन करें।

### सरयू राय ने स्पीकर को दी विशेषाधिकार हनन की सूचना

रांची (आजाद सिपाही)। विधायक सरयू राय ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को विशेषाधिकार हनन की सूचना दी है। उन्होंने कहा है कि मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने कृत कार्रवाई प्रतिवेदन (एटीआर) में गलत और भ्रामक उत्तर दिया है। सरयू ने कहा कि मैनहर्ट मामले पर मिले जवाब से उनके विशेषाधिकार का हनन और सदन की अवमानना हुई है।

### केवल घोषणा से नहीं बनेगी बात : विजय शंकर



रांची (आजाद सिपाही)।झारखंडी सूचना का अधिकार मंच के अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सोमवार को सदन में मुख्यमंत्री द्वारा खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति जल्द लाने के ऐलान का स्वागत किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि केवल घोषणा से काम नहीं चलेगा बल्कि स्थानीय एवं नियोजन नीति को कैबिनेट से पास करवाया जाए। उन्होंने कहा कि ये झारखंड के आदिवासी-मूलवासी के लिए तोहफा होगा। विजय नायक ने कहा कि यदि सरकार ऐसा करती है तो मान लेंगे कि वो आदिवासियों की हितैषी है।

### नागपुरी विभाग में मना शिक्षक दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी विभाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा मनुष्य के जीवन में गुरु का स्थान सर्वोत्तम माना गया है, क्योंकि गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है जो अपने शिष्य को जीवन में कर्म पथ पर चलने का सही मार्ग दिखाता है। प्राध्यापक डॉ सविता केसरी ने कहा कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है। प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है, जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है। प्राध्यापक डॉ रीझू नायक ने कहा कि गुरु शिष्य को एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमलाल मेहता एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय आनंद ने किया। मौके पर विभाग के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# बदलेगी राजनीति

कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद रविवार को जम्मू में हुई अपनी पहली रैली में गुलाम नबी आजाद ने नयी पार्टी बनाने का औपचारिक ऐलान कर दिया। जिस तरह से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं का उनके साथ आने का सिलसिला जारी है, उससे लगता है कि कम से कम जम्मू-कश्मीर में उनकी इस पहल को उम्मीद भरी नजरों से देखा जा रहा है। हालांकि इसकी एक व्याख्या ऐसे भी की जा सकती है कि गुलाम नबी के कांग्रेस छोड़ने के बाद जम्मू-कश्मीर में उसकी रही-सही ताकत भी खत्म हो गयी और इसीलिए पार्टीजनों के एक बड़े हिस्से को कांग्रेस छोड़ने में ही भलाई दिख रही है। गौर करने की बात है कि पिछले करीब एक हफ्ते में एक पूर्व उपमुख्यमंत्री, आठ पूर्व मंत्री, एक पूर्व सांसद, नौ पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में पंचायती राज संस्थानों के सदस्य, नगर निगमों के सदस्य और ग्रासरूट लेवल के कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ चुके हैं। ये सब किसी और पार्टी का रुख नहीं करके गुलाम नबी आजाद से जुड़ रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि ये सब गुलाम नबी की नयी पार्टी में संभावनाएं देख रहे हैं। बावजूद इसके, जम्मू-कश्मीर में अगले कुछ महीने के अंदर संभावित चुनावों में इस नयी पार्टी के प्रदर्शन को लेकर कोई ठोस निष्कर्ष निकालना अभी जल्दबाजी होगा। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि गुलाम नबी आजाद की नयी पार्टी की एंट्री ने जम्मू-कश्मीर के समीकरण को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित किया है। आजाद खुद जम्मू-कश्मीर के हैं और यहां के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं, लेकिन उनका पूरा राजनीतिक जीवन कांग्रेस पार्टी के अंदर और मुख्यधारा की राष्ट्रीय राजनीति करते हुए गुजरा है। जाहिर है, कश्मीरी राजनीति के इस या उस धड़े से उनका कोई जुड़ाव नहीं रहा है। बावजूद इसके, पूरे जम्मू-कश्मीर में उनकी पहचान और पहुंच है। यहां के मुख्य राजनीतिक दलों के नेताओं से उनका मैत्रीपूर्ण संवाद है। नयी दिल्ली से भी उनका सौहार्दपूर्ण रिश्ता है, जो राज्यसभा में प्रधानमंत्री के भावुक भाषण और उन्हें इसी साल मिले पद्मभूषण सम्मान से रेखांकित हो चुका है। इन सबके अलावा एक खास बात यह भी है कि वह साफ कर चुके हैं, आने वाले चुनावों में बीजेपी से कोई संबंध नहीं रखेंगे। इसका मतलब है कि घाटी में बीजेपी विरोधी और कांग्रेस समर्थक मतदाताओं तक पहुंचने की उनकी राह खुली हुई है। ऐसे में गुलाम नबी आजाद की नयी पहल से जम्मू-कश्मीर को एक ऐसा नेतृत्व मिला है, जो असंदिग्ध रूप से भारत समर्थक है, जो जम्मू-कश्मीर की राजनीति की सभी धाराओं से संवाद करने और तालमेल बनाने की स्थिति में है और जिसे केंद्र का भी विश्वास हासिल है। मौजूदा हालात में यह कोई छोटी बात नहीं।

**गुलाम नबी आजाद की नयी पहल से जम्मू-कश्मीर को एक ऐसा नेतृत्व मिला है, जो असंदिग्ध रूप से भारत समर्थक है, जो जम्मू-कश्मीर की राजनीति की सभी धाराओं से संवाद करने और तालमेल बनाने की स्थिति में है और जिसे केंद्र का भी विश्वास हासिल है।**

**संघ पर भी यही मंत्र लागू होता है। संघ सम्पूर्ण समाज का संगठन है। समाज के विद्यार्थी, मजदूर, , शिक्षा, सेवा, राजनीति, धार्मिक आदि विभिन्न क्षेत्र हैं। पर संघ, किसी एक अंग का संगठन नहीं है वह सम्पूर्ण समाज का संगठन है। संघ का स्वयंसेवक सामाजिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, राजनीति, सेवा, धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में सक्रिय होते हुए भी संघ इसमें से केवल कोई भी एक संगठन नहीं है। संघ स्थापना के समय से ही संपूर्ण समाज का संगठन रहा है।**

# संपूर्ण समाज का संगठन है आरएसएस



सुखदेव वशिष्ठ

दुनिया का सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में स्थापना के 100 वर्ष पूरे करेगा। नागपुर के अखाड़ों से तैयार हुआ संघ मौजूदा समय में विराट रूप ले चुका है। संघ ने समाज के सभी वर्गों से व्यक्तिगत संपर्क और संवाद की अपनी अनोखी कार्यपद्धति के कारण बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना अत्यंत शांतिपूर्ण ढंग से किया है। यही वजह है कि आज के दौर में संघ की प्रासंगिकता बहुत बढ़ चुकी है। अपनी स्थापना से लेकर आज तक बिना किसी आधार के जितनी आलोचनाएं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने झेली, शायद ही दुनिया के किसी संगठन ने झेली। देश में जिन्होंने तुष्टिकरण का एजेंडा चलाया, संघ उनके निशाने पर रहा और आज बॉर्डर के बाहर जो देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं, वो भी इस संगठन को पानी पी पीकर कोसते हैं। नये भारत के निर्माण की जिम्मेदारी वाले हाथों के निर्माण की नींव में संघ के विचारों का महत्वपूर्ण योगदान है।

ईशावास्य उपनिषद के पांचवे मंत्र में आत्म तत्व का वर्णन इस प्रकार हुआ है

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके..
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः..

अर्थात

वह आत्म तत्व चलता है और नहीं भी चलता है। वह दूर है और समीप भी है। वह सब के अंतर्गत है और वही सब के बाहर भी है।

**नये भारत के निर्माण की जिम्मेदारी वाले हाथों के निर्माण की नींव में संघ के विचारों का महत्वपूर्ण योगदान है।**

संघ पर भी यही मंत्र लागू होता है। संघ सम्पूर्ण समाज का संगठन है। समाज के विद्यार्थी, मजदूर, , शिक्षा, सेवा, राजनीति, धार्मिक आदि विभिन्न क्षेत्र हैं। पर संघ, किसी एक अंग का संगठन नहीं है वह सम्पूर्ण समाज का संगठन है। संघ का स्वयंसेवक सामाजिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, राजनीति, सेवा, धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में सक्रिय होते हुए भी संघ इसमें से केवल कोई भी एक संगठन नहीं है। संघ स्थापना के समय से ही संपूर्ण समाज का संगठन रहा है। अंग्रेजी सत्ता से स्वतंत्रता के पश्चात 1949 में संघ का जो संविधान बना उस में भी यह स्पष्ट है कि यदि कोई स्वयंसेवक राजनीति में सक्रिय होना चाहता है, तो वह किसी भी राजनैतिक दल का सदस्य बन सकता है। यह संविधान भारतीय जनसंघ की स्थापना के पहले बना है। जनसंघ की स्थापना के बाद भी, उसमें अनेक स्वयंसेवक और प्रचारकों को देने के बाद भी इस में कोई बदल नहीं हुआ है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में एकाधिक दल होना स्वाभाविक ही है। संघ के संपूर्ण समाज का संगठन होने के नाते यह भी स्वाभाविक ही है कि समाज का कोई भी क्षेत्र संघ से अस्पर्शित नहीं रहेगा और स्वयंसेवक समाज जीवन के हर क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय दृष्टि लेकर जाते हैं। ऐसे में चूंकि कुछ स्वयंसेवक राजनीति में सक्रिय हैं, इसलिए संघ राजनीति करता है, या वह राजनीतिक दल है, यह कहना अनुचित और गलत होगा। राजनीतिक दल समाज के केवल एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं और समाज का दूसरा हिस्सा भी होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गृहमंत्री सरदार पटेल द्वारा संघ को कांग्रेस में विलीन करने का प्रस्ताव आने परद्वितीय सर संघचालक गुरु गोलवलकर ने उसे स्वीकार नहीं किया क्योंकि संघ एक दल बनना नहीं, अपितु संपूर्ण समाज का संगठन चाहता था। डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी द्वारा राजनीति में एक राष्ट्रीय विचार के दल की आवश्यकता को ध्यान में रख कर संघ को रिक्तता पूरी करनी चाहिए प्रस्ताव लाने पर श्री गुरुजी ने उन्हें स्पष्ट कहा कि यह काम आप कीजिए, संघ आपको सहायता करेगा, परंतु संघ संपूर्ण समाज के संगठन का अपना कार्य ही करता रहेगा।

आपातकाल के बाद 1977 के लोकसभा के चुनाव के समय जनता पार्टी की सरकार बनने में संघ स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान था। अनेक दलों को लेकर बनी जनता पार्टी में, अर्थात सत्ता में, सहभागी होने का आकर्षक प्रस्ताव आने पर भी तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहेब देवरस ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए यह कहा कि विशिष्ट परिस्थिति में संघ इस चुनाव में सहभागी हुआ था।

अब संघ अपने नियत कार्य, संपूर्ण समाज के संगठन के कार्य में ही लगेगा। संघ संपूर्ण समाज का संगठन होने के कारण और राजनीतिक क्षेत्र समाज का एक अंग होने के नाते इस क्षेत्र में भी स्वयंसेवक सक्रिय होंगे। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव होने के कारण अधिकाधिक मतदान हो और वह स्थानिक मुद्दे या छोटे विषयों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय दृष्टिकोण से समुचित विचार कर राष्ट्र के हित में लोग मतदान करें, ऐसा जनजागरण भी स्वयंसेवक एक जागृत नागरिक के नाते करते हैं।

संघ का संविधान किसी भी स्वयंसेवक को (संघ के पदाधिकारी नहीं) किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार का प्रचार करने से रोकता नहीं है। परंतु ज्यादातर स्वयंसेवक किसी दल या उम्मीदवार के नाम का पर्चा न लेकर राष्ट्रीय मुद्दों के बारे में ही जागरण करते हैं। ऐसा होते हुए भी संघ एक राजनीतिक दल या राजनीतिक दल का हिस्सा नहीं बनता है।

वह संपूर्ण समाज का संगठन ही है।संघ ने हमेशा ही शब्दों एवं विमर्शों द्वारा बदलाव की अपील करने की जगह सामाजिक-आर्थिक यथार्थ से जूझने का काम किया। जैसे शिक्षा के क्षेत्र में दूर-दराज इलाकों में स्कूल खोल कर उसका प्रसार करना। आदिवासी एवं दलितों के बीच में सेवा द्वारा उनके रोजगार एवं अन्य आर्थिक समस्याओं का निदान करते हुए उनका सशक्तिकरण करना। आज इसके द्वारा देशभर में दो लाख के लगभग उपक्रम चल रहे हैं जिसमें राज्य का कोई योगदान नहीं है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में , 'संघ कोई राजनीतिक नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है, जिसकी निजी कोई विचारधारा ही नहीं है। भारत की वास्तविकता ही इसका विचार है। न ही दैनिक राजनीति में संघ की रुचि है, और न ही इसे शासन तंत्र का सूत्रधार बनने की कोई आकांक्षा है।




**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में, 'संघ कोई राजनीतिक नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है, जिसकी निजी कोई विचारधारा ही नहीं है। भारत की वास्तविकता ही इसका विचार है। न ही दैनिक राजनीति में संघ की रुचि है, और न ही इसे शासन तंत्र का सूत्रधार बनने की कोई आकांक्षा है।**

# गुरु कर महातम

नमिता पूनम

गुरु कर महिमा अगम अपरमपार हय! गुरू मनुख के शास्त्र कर बासतविक आनंद से साक्षात्कार करूवायला! जदि गेयान रूपी ब्रह्म कर सच्चा अनुभूति होवेला तो भी गुरु कर बजह से! सागर रूपी गेयान के मनुख पटल रूपी गागर में भरेक काम गुरु करेना। सद्गुरु कर महिमा अनंत हय! उकर ओर तो हय मुदा छोर कर कोनो ठेकान नखे। सद्गुरु कर गुन कर बात करल जाय तो सउब देव-पीतर कर सकती भी गुरू में हय! गुरु ही धरम हय! गुरु कर चरन में ही सउब तीर्थ-बरथ आउर सरग बसल हय ।बासतव में गुरू कर अरथ ही होवेला गोटा ब्रह्मांड, गोटा दुनिया, धरम, रहस्य, गेयान आउर बिगेयान। गुरू में ही सउब देव-पीतर रचल -बसल हय! बेद- पुरान आउर धार्मिक किताब पढ़ले पता चलेगा कि देवता मनक भी गुरु रहंय?।

मनुख चाहे कतनू परयास कइर लेवंय मुदा बीन गुरु कर आत्मज्ञानी नय बइन सकेना सांइत ऐहे ले गुरू के ब्रह्म से भी पहिले पूजल जायला आउर ईश्वर से पहिले ठांव देवल जायला।संत गुरू कबिर दास भी गुरु कर बिसय में कइह हंय

**गुरू गोविंद दोऊ खड़े**
**काके लागू पाय,**
**बलिहारी गुरू आपने**
**गोविंद दियो बताय।।**

महाभारत जुग में गुरु श्रध्दा से एकलव्य गुरू दछिना कर रूप में आपन हाथ कर अंगरी काइट द्रोणाचार्य के समरपित कइर रहंय। मुदा एखन कर जुग में छातर मन में गुरु कर परति पहिले जइसन श्रध्दा नखे। सिच्छा कर दुनिया में आइज बहुत द्रोणाचार्य हंय! डोनेसन रिस्तेदारी जाति आदि में मोहअंध होय के न जाने कतना परतिभा सील छातर मनक कैरियर से खेलथैं! उके आगे बढ़ेक से रोकथैं! महाभारत में अर्जुन श्रेष्ठ रहंय आउर गुरू भक्त भी मुदा आइज कर जादातर अर्जुन खाली डिग्री होल्डर होय जाय हय। इमन के खाली किना बेचा कर भाखा समझ में आवेला। ई मने आपन गेयान के तोड़- फोड आउर नारे बाजी परदरसन कर माधे निकसायना। जे गुरु महिमा कर नज इर से खाली नय बलकि सिसटाचार आउर नैतिकता कर बेवहार से भी असोभनीय हय। महाभारत में गुरु शिष्य कर संबंध कर तुलना बाप- बेटा, बाप - बेटी से करल जाय से! ई संबंध कर चलते उत्तरा कर बाप कर निवेदन करल से भी अर्जुन बिहा कर परसताव के ठुकराय देवेना ! आउर उत्तरा के पुत्रवधू कर रूप में अपनायना!

काले कि अज्ञातवास कर दिन में अर्जुन उत्तरा के नाच -गान कर सिच्छा दे रहे ई नाते उ उत्तरा कर गुरू रहंय। मुदा एखन कर जुग में दिन परति दिन इसन खबर पढ़ें ले सुनेक ले मिलेला कि एक सिछकआपन छातर कर सारीरिक आउर मानसिक सोसन करलक! हालांकि इसन बहुत चंद कोई हय। मुदा इकर से ठेस पहुंचेला गोटा सिछक समूह कर महिमा के! ई सउब बेकार बात से आइज चाहे हामरेक नैतिक मूल में पतन हो या पश्चिम सभ्यता कर आधुनिकरन चकाचौंध भरल दुनिया कर परति आकर्षण हो या कुछ आउर। आब हामरेक सोवारथ परिनाम ऐहे हय कि आब गुरु शिष्य कर रिसता में भी बिसवास नय रहलक! मुदा आइज भी इसन गुरु मने हय जे मन कोयला कर खदान से भी हिरा निकसाय ले परयास करते रहेना। बासतव में ई मन ही परकासवान, गेयानवान हंय। ब्रह्म से पहिले पूजनीय हंय जेकर सिच्छा से अगेयान रूपी अन्धकार सिराय जायला! मुदा इसन गुरू मनक गेयान मिल सके इकर ले छातर मन के भी गुरु कर परति कर्ण, सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य आउर छात्रपति शिवाजी आदि मन जइसन सच्चा गुरु श्रध्दा कर पेरेम भाव राखेक होवी।

**(लेखिका : नागपुरी भाषा विभाग, रांची विश्वविद्यालय रांची हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ खोला मोर्चा

# पुतला दहन कर जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिन झारखंड के उप राजधानी दुमका सहित राज्य के अन्य जिलों में हुई बच्चियों के साथ अमानवीय बर्ताव को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान ने विरोध शुरू कर दिया। सोमवार को शहर के साकची स्थित गोल चक्कर में आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलखान मुर्मू के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार का पुतला दहन का विरोध दर्ज कराया। मौके पर आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलखान मुर्मू ने राज्य में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री, झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने वर्तमान सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। श्री मुर्मू ने कहा शिबू सोरेन ने पहले झारखंड को बेचा, अब दोनों बाप-बेटा मिलकर संथाल को बेच रहे हैं। आदिवासियों के साथ जिन वायदों के तहत वर्तमान सरकार सत्ता पर काबिज हुई उसे पूरा करने में नाकाम रही है। राज्य में नशा, डायन प्रथा, आरक्षण, डोमेसाइल, नियोजन नीति, सरना धर्म कोड जैसे ज्वलंत मुद्दे मुंह बाए खड़े हैं। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर मुसलमान और ईसाइयों के साथ मिलकर झारखंड के आदिवासियों का सौदा करने का आरोप लगाया।



**उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाममांग पत्र सौंपा जायेगा**

**श्री मुर्मू ने बताया सोमवार को झारखंड बिहार, बंगाल उड़ीसा और असम के 50 जिलों के 250 प्रखंडों में यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र सौंपा जायेगा। उन्होंने गुमला जिला की सुनीता खाका, दुमका की अंकिता सिंह एवं सुखी मुर्मू के दोषियों को अभिलंब फांसी देने और आश्रितों को एक- एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की।**

### झारखंड मजदूर यूनियन मजदूरों के साथ की बैठक

# मजदूरों को हक और अधिकार दिलाने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड मजदूर यूनियन लगातार मजदूरों का हक और अधिकार को लेकर लड़ाई लड़ते आ रही है। झारखंड मजदूर यूनियन के सचिव राजेश सामंत के नेतृत्व में लगातार शहर के अलग-अलग कंपनी में मजदूरों के साथ हो रही अन्याय व अत्याचार के विरोध लड़ाई लड़ाई है। सोमवार को गोविंदपुर स्थित स्टील स्ट्रिप्स एंड व्हील्स लिमिटेड कंपनी में दस वर्षों से कार्यरत मजदूरों को बिना बताये काम से बैठा देने की सूचना मिलते ही यूनियन के सचिव राजेश सामंत ने मजदूरों के साथ बैठक की। बैठक में झारखंड मजदूर यूनियन की ओर से मजदूरों को काम दिलाने का आश्वासन दिया। झारखंड मजदूर यूनियन के सचिव राजेश सामंत ने मजदूरों को आश्वासन देते देखा व्हील्स कंपनी प्रबंधन को लिखित आवेदन दी जायेगी। कंपनी द्वारा प्रभावित गांव के लोगों को नागरिक सुविधा देने, स्थानीय लोगों को रोजगार देने एवं मजदूरों को बिना बताये काम से बैठा देने के मामले में कंपनी प्रबंधन से वार्ता की जायेगी। वार्ता सफल नहीं होने पर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के नेतृत्व में आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। जरूरत पड़ने पर कंपनी गेट को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, गोविंदपुर के मुखिया शिवलाल लोहरा, जेना जामुदा,अमित दास,छोटे सरदार, सुजय कुमार के आलावे दर्जनों मजदूर शामिल रहे।

# डीसी ने डिजीटल झारखंड सप्ताह का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में उपायुक्त विजया जाधव ने 'डिजिटल झारखंड सप्ताह' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रदीप प्रसाद, अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा एवं डीआइओ मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने बताया ग्रामीण क्षेत्र में सरकार के उपलब्धियों को विस्तार से जानकारी देने के लिए डिजिटल झारखंड सप्ताह का शुभारंभ किया गया। 7 दिन तक चलने वाली डिजिटल झारखंड सप्ताह के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सीएससी द्वारा प्रदत्त सेवाओं की जानकारी लोगो को जी जायेगी। उन्होंने बताया 05 से 11 अगस्त तक प्रत्येक दिन विभिन्न सेवाओं को लक्षित कर जानकारी आम नागरिकों को उपलब्ध कराया जायेगा। पहला दिन सोमवार को डिजिटल झारखंड जागरूकता कार्यक्रम एवं जी 2 सी सेवायें जिसमें झार सेवा, प्रमाण पत्र सेवायें, पीएम-किसान, आधार सेवायें, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, इ-श्रम कार्ड सेवाओं को आमजनों तक पहुंचाया जायेगा। दूसरे दिन मंगलवार को जी 2 सी सेवाएं और कृषि सेवाओं में नागरिकों को पीएम-किसान, जेकेआरएमवाइ, जेआरएफआरवाइ, नैनो यूरिया, एफपीओ, एग्रोमेट, सीएससी-एग्री सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। तीसरा दिन बुधवार को जी 2 सी सेवाएं और वित्तीय समावेशन सेवायें जिसमें डीजीपे, बैंकिंग, इंश्योरेंस, पेंशन, पीएमएसबीवाय, पीएमजेजेबीवाइ, ऐपीवाइ आदि जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। चौथा दिन गुरुवार को जी2सी सेवायें और शिक्षा सेवायें में पीएमजीदिशा, बीसीसी, सीसीसी, सीएससी एकेडमी, बीसीआइटी, सीएससी बाल विद्यालय ओलंपियाड 3.0 इत्यादि सेवाओं को नागरिकों तक पहुंचाया जायेगा। पांचवें दिन शुक्रवार को जी2सी सेवायें और टेली सेवाओं में टेली लॉ, मनुष्यों और पशुओं के लिए टेलीमेडिसिन सेवायें प्रदान की जायेगी। छठा दिन शनिवार को जी2सी सेवायें एवं यूटिलिटी बिल भुगतान और टूर एंड ट्रैवल्स, जिसमें बीबीपीएस बिल भुगतान, आइआरसीटीसी, बस एवम फ्लाइट टिकट बुकिंग, इत्यादि सेवाओं को लक्षित किया जायेगा। सातवां दिन रविवार को जी 2सी सेवायें और ग्रामीण इ-स्टोर सेवायें प्रदान की जायेगी।




# शिक्षक दिवस पर उपायुक्त ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में शिक्षक दिवस सभी संस्थानों में मनाया गया। सोमवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर उपायुक्त सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले 5 शिक्षकों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा शिक्षक सच्चे अर्थ में समाज के निमार्ता है। इनके द्वारा दी गई शिक्षा से बच्चे जो सीखते हैं वही अपने जीवन का बहुमूल्य साबित होता है। उपायुक्त ने कहा हर इंसान को जीवन में शिक्षा ही ऊची स्थान तक ले जाती है। शिक्षक को हर इंसान जीवन में गुरु के रूप में मानते है। समाज में शिक्षकों का स्थान सबसे ऊंचा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी ने कहा सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के योगदान, नवाचार, बच्चों के रिजल्ट के बेहतर बनाने के लिये किये गये कार्यों के आधार पर प्रखंड जिला एवं राज्य स्तर पर उनको सम्मानित किया जाता है। इसके लिये जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति शिक्षकों के किये गये कार्यों के आधार पर उनका चयन करती है। इस वर्ष 5 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिसमें चाकुलिया प्रखंड से तीन एवं जमशेदपुर प्रखंड से दो शिक्षक शामिल हैं। सभी शिक्षकों को उपायुक्त के द्वारा सम्मानित किया गया।



**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने की डिजिटल झारखंड सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत, कहा

# प्रज्ञा केंद्रों से प्रदत्त सेवाओं की जानकारी आमजनों तक पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य

**05 सितंबर से 11 सितंबर तक किया जा रहा है डिजिटल झारखंड सप्ताह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** डिजिटल झारखंड सप्ताह कार्यक्रम की विधिवत शुरुवात उपायुक्त रमेश घोलप ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से प्रचार संबंधित बैनर दिखा कर किया। इस अवसर उपायुक्त श्री घोलप ने बताया कि राज्य में आमजनों को ऑनलाईन सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु सीएससी-एसपीभी के माध्यम से प्रज्ञा केंद्र चलाये जा रहे हैं। उक्त केंद्रों से विभिन्न प्रकार की सेवायें नियत शुल्क लेकर उपलब्ध करायी जाती हैं। एक समय अंतराल पर प्रज्ञा केंद्रों द्वारा प्रदत्त सेवाओं की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से डिजिटल झारखंड सप्ताह का आयोजन दिनांक 05.09.2022 से 11.09.2022 तक किया जा रहा है। इस डिजिटल झारखंड सप्ताह में प्रत्येक दिवस को विभिन्न सेवाओं को लक्षित कर इन सेवाओं के संबंध में जानकारी एवं सेवायें आम नागरिकों उपलब्ध करायी जायेगी। डिजिटल झारखंड सप्ताह के दौरान दिनवार प्रदान की जाने वाली सेवाएं इस प्रकार हैं-

**पहला दिन-** 5 सितंबर 2022- डिजिटल झारखंड जागरूकता कार्यक्रम एवं जी2सी सेवाएं जिसमें झार सेवा प्रमाण पत्र सेवाएं, पीएमकिसान, आधार सेवाएं, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, ई-श्रम कार्ड, इत्यादि सेवाओं को आमजनों तक पहुंचाया जायेगा।

**दूसरा दिन-** 6 सितंबर 2022- जी2सी सेवाएं और कृषि सेवाएं जिसमें नागरिकों को पीएम किसान, जेकेआरएमवाई, जेआरएफआरवाई, नैनो यूरिया, एफपीओ, एग्रोमेट, सीएससीएग्री इत्यादि सेवाएं उपलब्ध करायी जाएगी।

**तीसरा दिन-** 7 सितंबर 2022- जी2सी सेवाएं और वित्तीय समावेशन सेवाएं जिसमें डीजीपे, बैंकिंग, इंश्योरेंस, पेंशन, पीएमएसबीवाय, पीएमजेजेबीवाई, ऐपीवाई उपलब्ध करायी जायेंगी।

**चौथा दिन –** 8 सितंबर 2022 - जी2सी सेवाएं और शिक्षा सेवाएं जिसमें पीएमजी दिशा, बीसीसी, सीसीसी, सीएससी एकेडमी, बीसीआईटी, सीएससी बाल विद्यालय ओलंपियाड 3.0, इत्यादि सेवाओं को नागरिकों तक पहुंचाया जायेगा।

पांचवा दिन- 9 सितंबर 2022- ऋ2उ सेवाएं और टेली सेवाएं जिसमें टेली लॉ, टेलीमेडिसिन (मनुष्यों और पशुओं के लिए), कृषि विज्ञान केंद्र परामर्श, इत्यादि सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

**छठा दिन –** 10 सितंबर 2022- जी2सी सेवाएं और यूटिलिटी बिल भुगतान एवं टूर एंड ट्रैवल जिसमें बीबीपीएस बिल भुगतान, आईआरसीटीसी, बस एवं फ्लाइट टिकट बुकिंग, इत्यादि सेवाओं को लक्षित किया जाएगा।

**सातवां दिन-** 11 सितंबर 2022- जी2सी सेवाएं और ग्रामीण ई-स्टोर सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

मौके पर सीएससी मैनेजर मनीष कुमार केसरी एवं कमल किशोर, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिव नारायण पासवान एवं वीएलई उपस्थित थे।

## दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया गोदरमाना सड़क बायां खुरा गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में रमकंडा गांव निवासी नवीन कुमार की मौत हो गई, वहीं दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। नवीन को घायलावस्था में इलाज के लिये डालटनगंज हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। भंडरिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार रमकंडा गांव निवासी नवीन कुमार अपने दोस्त के साथ रविवार की शाम गोदरमाना से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम बायां खुरा गांव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसमें सवार नवीन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल में सवार दूसरे घायल का इलाज चल रहा है।

## भवनाथपुर के युवक की पुणे में हुई मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बेरोजगारी ने क्षेत्र की एक और युवक की जान ले ली। मृतक युवक मजदूर राजा कुमार (19) पिता राजेश्वर राम थाना क्षेत्र के अरसली उतरी के झुमरी टोला का निवासी था। वह दो महीना पूर्व पुणे के भूम थाने के वालवद गांव में बिल्डर के यहां काम करने गया था। बीते शनिवार को कच्चा कुआं से पानी भरकर नहाने के दौरान कुएं में डूबने से उसकी मौत हो गयी।

# शिक्षक दिवस पर आरके पब्लिक स्कूल श्रीबंशीधर नगर में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

**कक्षा नवम के छात्रों ने सरस्वती वंदना और नन्हे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन आरके ट्रस्ट के निदेशक सह शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित किया। उदघाटन के बाद कक्षा नवम के छात्रों ने सरस्वती वंदना और नन्हे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र पवन प्रभात ने एक कविता प्रस्तुत किया।

मौके पर अलखनाथ पांडेय ने अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को सभी शिक्षकों का आदर करना चाहिए। क्योंकि शिक्षक को गुरु कहा जाता है। गुरु अपनी क्षमता के अनुसार अपने सभी छात्र-छात्राओं को ज्ञान और गुण प्रदान कर व्यक्तित्व का विकास करते हैं।

उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को दादा-दादी के साथ ज्यादा समय व्यतीत करने के लिए प्रेरित करने की अपील के साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य एलके ओझा ने कहा शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता होता है। कोई भी शिक्षक अपने छात्र छात्राओं को निखारने की भरपूर कोशिश करता है। शिक्षक के लिए सभी छात्र छात्रा प्रिय होते हैं।

मौके पर वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे, प्रशांत सहाय अभिभावक रवीन्द्र प्रताप देव, मुखदेव सिंह, शिक्षक संजय कुमार, भावना ओझा, अनामिका, प्रतिभा, माधवी, रूपेश कुमार, अमृता, सुप्रिया, प्रीति, सतीश कुमार, प्रतिक समेत कई अन्य शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे।

**कार्यालय, समग्र शिक्षा अभियान, गढ़वा**
**विकास भवन–बी समाहरणालय परिसर, प्रथम तल**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2022–23)**

गढ़वा जिला अंतर्गत संचालित 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों एवं 05 झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालयों तथा 01 नेताजी सुभाष चन्द बोस आवासीय विद्यालय, रंका के लिए सत्र 2022–23 **(31 मार्च 2023 तक)** में खादय–अखादय, लेखन एवं कार्यालय उपयोग की सामग्री, बिछावन, स्कूल पोशाक, ट्रैकसूट एवं दैनिक उपयोग की सामग्री, फल, सब्जी, स्वीट्स, नमकीन, पनीर तथा दूध के आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय, गढ़वा से दिनांक–05.09.2022 से 19.09.2022 तक कार्यदिवस में अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। निविदा की तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में (पैकेजवार अलग–अलग लिफाफे में) कार्यालय, समग्र शिक्षा अभियान, विकास भवन–'बी' समाहरणालय परिसर, गढ़वा में दिनांक–20.09.2022 को अपराह्न 02:00 बजे तक जमा कर सकते है। दिनांक–20.09.2022 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु District Education Officer cum District Programme Officer, Samagra Shiksha Abhiyan, Garhwa के नाम से जारी तथा SBI, Pipara Kalan, Garhwa के नाम Payable अप्रतिदेय (Non Refundable) रू0 1000/- रू0 (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। पूर्ण निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्ते तथा आवश्यक जानकारी हेतु कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, गढ़वा

PR 277093 (Human Resource Developement)22-23*D

## शिक्षक ही समाज व राष्ट्र के वास्तविक निर्माता हैं : अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका बर्मन व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर के सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन किया। निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ही समाज व राष्ट्र के वास्तविक निर्माता हैं। आप लोगों की जवाबदेही समाज व राष्ट्र के प्रति ज्यादा है। आज के दिन उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों और उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। मौके पर प्राचार्या प्रियंका बर्मन ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व नन टीचिंग स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य संतोष पाण्डेय, जेपी नारायण, अनिल सिन्हा, अनुप कुमार पाण्डेय, अनिता सिन्हा, निधी सिन्हा, रेणु गुप्ता, देवेन्द्र सिंह, विनय सिंह व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और नन टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे।

## शिव शिष्य परिवार के जनक हरिंद्रानंद के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य परिवार के जनक और शिव गुरु चर्चा के संस्थापक साहब हरिंद्रानंद जी के निधन से मेराल तथा आसपास गांव के उनके समर्थकों में शोक की लहर है। उनके निधन पर सोमवार को मेराल के टाउन हॉल में स्थानीय शिव शिष्य परिवार द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्याम लाल कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वीरेंद्र साव, राजाराम प्रसाद, सीताराम साव, सत्येंद्र चौधरी, अनीता देवी, सीता देवी, प्रमिला देवी, राजपति देवी, वर्ती कुंवर, रेशमी देवी, ज्ञानती देवी, सुनीता देवी, जुबानी देवी, कबूतरी देवी, छोटी देवी, रेखा देवी, माधुरी देवी कई अन्य लोग शामिल थे।

# श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पांच योजनाओं का किया गया शिलान्यास

**नगर पंचायत क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है : विजयालक्ष्मी देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



### इन योजनाओं का किया गया शिलान्यास

वार्ड नंबर 4 स्थित इजराइल अंसारी के घर से नंदलाल प्रसाद के घर तक आरसीसी नाली पटिया का निर्माण, वार्ड नंबर 7 राजेंद्र राम के घर से मिशन मोड़ तक पीसीसी पथ निर्माण, उमेश पासवान के घर से खखनु पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वार्ड नंबर 5 में अनुमंडल कार्यालय से सिविल कोर्ट कॉर्नर तक पीसीसी पथ का निर्माण, वार्ड नंबर 14 में इंदिरा महतो के घर से बाकी नदी तक आरसीसी नाली पटिया का निर्माण का शिलान्यास किया गया।

**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 78 लाख 56 हजार की लागत से प्रस्तावित पांच योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी एवं उपाध्यक्ष लता देवी ने नारियल फोड़कर किया।

मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में सभी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसका लाभ नगर पंचायत वासियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ शत प्रतिशत लोगों को मुहैया कराया गया है। महिला समूह के माध्यम से घरेलू उद्योग के लिये प्रेरित कर प्रोत्साहन राशि दिया गया है, जिससे आत्मनिर्भर महिलाएं बखूबी अपने कार्य को निभा रही हैं।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में 6 लाख 89 हजार की लागत से तीन नल जल योजना के तहत अधिष्ठापन कराया जा रहा है। नगर पंचायत आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान कई ऐसी योजनाएं जनहित में प्रस्तावित किया गया था जिसे धरातल पर उतारने का पूरा प्रयास हमने किया है।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को पूरी तरह से सजाने संवारने के वादे को हमने जमीन पर उतारने का हरसंभव प्रयास किया है। कई और बड़ी योजनाओं का जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूराकर धरातल पर उतारने का कार्य किया जायेगा। पर्यटन के दृष्टिकोण से पार्क का निर्माण, सोलरयुक्त स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन सभी वार्डों में किया जाना है।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में खेल स्टेडियम निर्माण के लिये प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। जल्द ही उसकी भी स्वीकृति मिल जायेगी।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, वार्ड पार्षद राजकुमार, शंभू राम, अनिल प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंदलाल प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, मदन प्रसाद, सुधीर सिंह, पुनीत शुक्ला, लखन पासवान, अशोक पासवान, बालेश्वर ठाकुर, चुन्नू पांडेय आपदि लोग उपस्थित थे।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला**

**आवेदन - आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्य योजनान्तर्गत राज्यादेश संख्या 10 दिनांक 21.06.2022 द्वारा प्राप्त तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना एवं राज्यादेश संख्या 16 दिनांक 01.08.2022 द्वारा प्राप्त मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत विभिन्न योजना कार्य हेतु गुमला जिले के मत्स्य कृषक/मत्स्य पालक/मत्स्य मित्रों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | शीर्ष | प्राप्त लक्ष्य | ईकाई लागत (रू0 में) | लाभुक का अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए नाव | 796 | 4 | 33000.00 | 3000.00 |
| 2 | | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिए मोटरचालित नाव | | 1 | 445000.00 | 44500.00 |
| 3 | | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट (एक लाभुक को अधिकतम 05 कि0ग्रा0 देय 638 रू0 प्रति कि0ग्रा0) | | 10 | 3190.00 रू0 प्रति लाभुक | 319.00 |
| 4 | मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना | केज पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 796 | 10 | 1600.00 | 400.00 |
| 5 | | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन (अनु0 जाति, अनु0जनजाति, महिला कोट के लिए 80 प्रतिशत एवं अन्य कोटि के लिए 70 प्रतिशत) | 796 | 2 | 160000.00 (रू0 प्रति एकड़) | 128000.00 (ST/SC/Woman) 112000.00 (GEN/OBC) |
| 6 | | | 789 | 1 | | 128000.00 (SC/Woman) |
| 7 | | पुरस्कार/सम्मान ( उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य मित्रों तथा मत्स्य बीज उत्पादकों, आर0एफ0एफ0 समूहों, केज पालकों, हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप) | 796 | 2 | 30000.00 (पुरस्कार के रूप में प्रचार–प्रसार एवं विपणन हेतु मोटरसाईकिल अथवा मोपेड के साथ आईस–बॉक्स/डीप फ्रीजर के क्रय हेतु प्रोत्साहन राशि) | |

NOTE :- उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक मत्स्य कृषक/मत्स्य पालक/मत्स्य मित्र/केज पालक हेतु दिनांक 20.09.2022 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

PR 277094 Fish (22-23)_D

**प्रेस कांफ्रेंस :** झामुमो नेताओं ने पलटवार करते हुए पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर बोला हमला, कहा

# अगर पूर्व विधायक में दम है तो अपने दस साल के विकास कार्यों की सूची जारी करें

**पूरे गढ़वा जिला में हजारों करोड़ की लागत से दर्जनों विकास की योजनाएं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयास से चल रही हैं, जो पूर्व विधायक के दर्द का मूल कारण हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो नेताओं ने पलटवार करते हुए पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर हमला बोला है। झुमुमो नेताओं ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा है कि पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। वे 2009 से वर्ष 2019 तक विधायक रहे। लेकिन झूठ, फरेब एवं ठगी के सहारे उनकी राजनीति चलती रही। लगातार दस वर्षों तक बालू उत्तर-प्रदेश के बालू माफिया से सांठ-गांठ से एवं पूर्व डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी की संलिप्तता के साथ अवैध खनन होता रहा और सैकड़ों हाईवा प्रतिदिन बालू उत्तर-प्रदेश भेजा जाता रहा। वे बिना लीज कराये हुए पत्थर एवं अवैध क्रशर चलाया करते थे। दस वर्षों के कार्यकाल में गढ़वा जिला के सबसे बड़ा वन माफिया के रूप में चिन्हित थे। कल्याणपुर में मुसहरों की जमीन की जहां तक बात है तो अपने दस साल के कार्यकाल में कितने पैसा लेकर मुसहर को भगाकर आलीशान बिल्डिंग बनवाये, इसका जवाब इनसे जनता मांग रही है। जहां तक बात है मेराल थाना पर पथराव एवं लाठी चार्ज की, तो इसकी जांच के लिए मुख्यमंत्री एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। इस घटना में किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी और दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी, चाहे वह कोई भी हो। मेराल की घटना पर पूर्व विधायक के द्वारा की गई निम्नस्तर की राजनीति से जनता वाकिफ है।

रंका-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे गढ़वा जिला में हजारों करोड़ की लागत से दर्जनों विकास की योजनाएं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से चल रही हैं, जो पूर्व विधायक के दर्द का मूल कारण है। अगर पूर्व विधायक में दम है तो अपने द्वारा किए गए दस साल के विकास कार्यों की सूची जारी करें और हम अपने ढाई साल की सूची जारी करते हैं। बिजली, बाईपास और पानी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे जो सपना लगता था अब वह मंत्री जी के प्रयास से साकार हो गये।

प्रेस वार्ता मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष विकास सिंह कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, रंका प्रखण्ड 20-सूत्री अध्यक्ष अहमद अली, रंका प्रखण्ड 20-सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पाण्डेय उपस्थित थे।

**कार्यालय:- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-**
**मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग**
**(DMFT, हजारीबाग)**

**संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

DMFT, हजारीबाग के द्वारा संविदा के आधार पर विशेषज्ञ/चिकित्सा पदाधिकारी/एएन0एम0/स्टाफ नर्स/लैब टेकनिशियन/स्वास्थ्य प्रबंधक/काउन्सेलर/फार्मासिस्ट एवं अन्य निम्नांकित पदों हेतु वांछित योग्यता एवं अर्हत्ता रखने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन समर्पित करने की **अंतिम तिथि दिनांक–15.09.2022** है। आवेदन पत्र निबंधित डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में भेजा जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| Sl. No. | Post | No of Post | Honorarium (Rs. Per Month) |
|---|---|---|---|
| 01 | Orthopedic | 01 | 150000/- |
| 02 | Gynaecologist | 02 | 150000/- |
| 03 | Paediatrician | 02 | 150000/- |
| 04 | ENT Specialist | 02 | 150000/- |
| 05 | Ophthalmologist | 02 | 150000/- |
| 06 | Surgeon | 03 | 150000/- |
| 07 | Dermatologist | 01 | 150000/- |
| 08 | General Physician | 08 | 150000/- |
| 09 | Anaesthetist | 01 | 150000/- |
| 10 | Medical Officer (Female) | 14 | 70000/- |
| 11 | Medical Officers (Male) | 10 | 70000/- |
| 12 | Dentist | 05 | 37500/- |
| 13 | Health Manager | 02 | 30000/- |
| 14 | Physiotherapist | 02 | 22000/- |
| 15 | Nursing Staff (GNM) | 22 | 16500/- |
| 16 | ANM | 30 | 14000/- |
| 17 | Lab Technician | 09 | 14000/- |
| 18 | OT Technician | 02 | 15000/- |
| 19 | Pharmacist | 10 | 19000/- |
| 20 | Computer Operator | 02 | 15000/- |
| 21 | Nutrition Counselor | 04 | 15000/- |
| 22 | X-ray Technician | 04 | 15000/- |

उपरोक्त विभिन्न अनुबंध आधारित पदों से संबंधित कोटिवार विवरणी, आयु सीमा, वांछित शैक्षणिक योग्यता, अर्हत्ता एवं अन्य संबंधित विवरणी हजारीबाग जिला के वेबसाइट (www.hazaribag.nic.in)से प्राप्त की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 277084 Health Med Edu and Family Welfare(22-23).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
08

### अड़की में हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा : पुलिस ने भतीजा समेत पांच को दबोचा, बाकियों की तलाश जारी

# ग्राम प्रधान बनने की चाहत और दबंगई से परेशान भतीजे ने ग्रामीणों संग मिल कर की चाचा, उसके बेटे - बहू की हत्या

- ग्राम प्रधान सुखराम मुंड की खराब चरित्र एवं दबंगई से परेशान थे ग्रामीण
- हत्या से पहले सामूहिक बैठक कर बनायी गयी योजना, राज छिपाने की भी हुई थी कोशिश

## अड़की में हुए तीहरे हत्याकांड में गांव के 20 से अधिक लोग शामिल, बाकियों की तलाश जारी : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



गिरफ्तार पांचों आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

**खूंटी।** अड़की थाना के ग्राम मदहातु टोला कोदे लेबे में ग्राम प्रधान बयार सिंह मुंडा उर्फ सुखराम मुंडा, उसके बेटे और बहू की 31 अगस्त को हुई हत्या का पुलिस ने उदभेदन करते हुए उसी गांव के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सिंगराय हरिबीना, चंबरा चुटिया पूर्ति (22), बिरसा हरिबीना (21), विकराय हरिबीना (22) और जाबोर चुटिया पूर्ति (19) के रूप में हुई है। इनमें सिंगराय हरिबीना मृतक सुखराम मुंडा का रिश्ते में भतीजा है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने दी। वे सोमवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे ते। उन्होंने दावा किया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन लोगों ने बताया कि पूर्व में माओवादियों के साथ संबंध और उग्रवादी कांड में संलिप्त रहे मृतक ग्राम प्रधान दबंग प्रवृत्ति का था। वह आये दिन गांव में माओवादियों को बुलाकर अन्य ग्रामीणों को बेवजह धमकाता और मारपीट किया करता था। वहीं, मृतक के भतीजा सिंगराय हरिबीना ने बताया कि वह ग्राम प्रधान बनने की चाहर रखता था, लेकिन अपने ग्राम प्रधान चाचा और उसके बेटे के जिंदा रहते वह ग्राम प्रधान नहीं बन सकता था। अपनी इसी चाहत की पूर्ति के लिए उसने चाचा और उसके बेटे की हत्या कर दी। दूसरी ओर मृतक ग्रामप्रधान का डाड़ी गांव की एक महिला के साथ अवैध संबंध था। इसे लेकर ग्रामीणों में ग्रामप्रधान के चरित्र को लेकर नाराजगी थी। इन्हीं सब कारणों के कारण 22 परिवार वाले कोदे लेबे गांव के अधिकतर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और उसके बेटे सिंगा मुंडा की हत्या की योजना बनाई। जिसे अंजाम देने के लिए ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव में एक बैठक भी की, लेकिन उस दिन अनवरत बारिश होने के कारण इस योजना को टाल दिया गया। इसके बाद दूसरे दिन यानी बुधवार की आधी रात इस नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड में 22 परिवार वाले कोदे लेबे गांव के अधिकतर घरों के सदस्य सहित 20 से अधिक आरोपित शामिल थे। आरोपितों में कुछ लोग दूसरे गांव के भी हैं। हत्याकांड में शामिल अन्य फरार आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस की छापामारी जारी है। वहीं, गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना डंडा भी बरामद कर लिया है। एसपी ने बताया कि हत्याकांड में गांव के अधिकतर ग्रामीण शामिल थे। इसलिए हत्याकांड की खबर 24 घंटे बाद तक गांव के बाहर नहीं पहुंची। गत बुधवार की आधी रात हुई हत्याकांड की सूचना शुक्रवार को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया। एसआइटी में शामिल पुलिस अधिकारियों ने कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लेकर जब उनसे अलग-अलग पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हुआ। इस तरह पुलिस ने मामला संज्ञान में आने के 72 घंटे के अंदर इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर लिया। खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में गठित छापामार टीम में अड़की थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, मुरहू थाना प्रभारी पंकज कुमार दास, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, अड़की थाना के एसआई विवेक कुमार महतो, सुशांत सुंडी, मनोज तिर्की, लालजीत उरांव, सायको थाना के एसआई भरत रंजन पाठक, चंद्रशेखर पिंगुआ, मुरहू थाना के एएसआई श्यामजीत किस्कू सहित अड़की, मुरहू व सायको थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उमवि महावीरनगर में शिक्षक दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला में सोमवार को शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मनित करने के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रंथू साहू सहित छात्रों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। प्रधानाचार्य रंथू साहू ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के प्रथम उप राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति थे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिंदू समाज सुधारक थे। इन्ही गुणों के कारण उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इस दौरान सभी शिक्षकों को प्रधानाचार्य द्वारा डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पेंटिंग, राखी बनाओ प्रतियोगिता, नृत्य, गीत, महापुरुषों की जीवनी, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर निबंध, क्विज, सोशल मीडिया में ऑनलाइन पढ़ाई और खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहू, सुभाष उरांव, अरुणा उरांव आदि उपस्थित थे।

## किशोर पर नाबालिग लड़की का यौन शोषण और गर्भवती करने का आरोप, पुलिस ने किया निरुद्ध

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र में एक किशोर द्वारा नाबालिग लड़की का यौन शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता द्वारा जरियागढ़ थाने में मामला दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने आरोपित नाबालिग को निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। एसपी ने बताया कि दोनों नाबालिगों के बीच पिछले छह महीने से संबंध था। जब नाबालिग गर्भवती हो गयी, तब उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

## कर्रा में नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत लोधमा क्षेत्र में 14 वर्षीय एक नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित नगड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा खूंटा का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, आरोपित युवक ने शौन शोष के बाद पीड़िता को धमकी दी थी घटना की जानकारी किसी को देने पर वह पीड़िता की हत्या कर देगा। लेकिन नाबालिग ने अपने बड़े भाई को पूरे मामले की जानकारी दे दी। तब उसका भाई पीड़िता को लेकर कर्रा थाना पहुंच मामला दर्ज कराया।

## बच्चों को शिक्षा देकर शिक्षक ही रखते हैं राष्ट्र निर्माण की नींव : प्राचार्य

### डीएवी खलारी में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




प्राचार्य बीपी रॉय को सम्मानित करते शिक्षक कंचन सिंह।

**खलारी।** डीएवी स्कूल में सोमवार को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक हवन यज्ञ से की गई। इसके बाद प्राचार्य बीपी रॉय ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। साथ ही उम्मीद जाहिर की कि सभी शिक्षक ईमानदारी से राष्ट्र निर्माण का कर्तव्य निभाते रहेंगें। विद्यार्थियों को उनके जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने में समर्थ बनाते रहेंगे। इस दौरान 12वीं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग शिक्षकों की भूमिका में नजर आए। उन्होंने विषय विशेषज्ञों की तरह कक्षा में कार्य किया एवं बच्चों को पढ़ाया। वहीं, विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाषण, नाटक, समूह गान, कविताएं, ताइक्वांडो नृत्य आदि प्रस्तुत किया। वहीं, पूर्व छात्रों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षकों के सम्मान में शुभकामनाएं दी। शिक्षक दिवस पर बच्चों ने अपने हाथों से बनाए कार्ड एवं कलम शिक्षकों को सम्मान स्वरूप भेंट किया। इस दौरान शिक्षकों ने कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर कंप्यूटर शिक्षक विवेक उपाध्याय समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। वहीं, कुसुम टोला स्थित सरना एकेडमी विद्यालय में धूमधाम से डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। निदेशक ने बच्चों के भविष्य में एवं मनुष्य के जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

## बिरसा उच्च विद्यालय में मना शिक्षक दिवस



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिरसा उच्च विद्यालय बिरसानगर धमधमिया में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रिंसिपल पुष्पा विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद केक काटा गया। वहीं स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस मौके पर शिक्षक नरेश विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, पूजा कुमारी, शिवा कुमारी आदि थे।

## उग्रवाद-अपराध के खिलाफ जारी रहेगा पुलिस का अभियान : चतरा एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** चतरा एसपी राकेश रंजन ने सोमवार को पिपरवार का दौरा किया। इस दौरान इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप पहुंचे जहां जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद एसपी कैंप परिसर में आयोजित पुलिससभा में शामिल हुए। जहां पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने बारी-बारी से अपनी समस्या को उनके समक्ष प्रमुखता से रखा। एसपी ने जवानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को कर्तव्य और ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने को कहा। इस संबंध में पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ने कहा कि चतरा जिले में उग्रवाद और अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान व्यापक स्तर पर चल रहा है, जिसमें सफलता भी मिल रही है। टीपीसी और भाकपा माओवादी सहित अन्य उग्रवादी संगठनों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि चतरा में अफीम की खेती के रोकथाम के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि उग्रवादी आत्मसमर्पण करें नहीं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। कोयलांचल क्षेत्र में चल रहे कोयला खदान पर कहा कि यहां पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। स्थानीय पुलिस के साथ उन्होंने अपराध की समीक्षा की और लंबित मामलों के निष्पादन व फरार वारंटी की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। इस मौके पर डीएसपी राम समद, महावीर शीलानंद किंडो, वीरेंद्र बाड़ा, रिमिजियश टोप्पो, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, टंडवा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, निरीक्षक सलीम होरो, मंटू कुमार, संजीव श्रृंगारी, दिनेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजेश किडो, वीरेंद्र सिंह, शमशेर आलम, चुन्नू भारती, राजेश कुमार, मनी मोहन प्रसाद, सुरेश प्रजापति, प्रदीप रजक, बुधन प्रजापति आदि मौजूद थे।

### अधिकारियों को निर्देश : शशि रंजन ने की समेकित आजीविका कृषि प्रणाली के कार्यों की समीक्षा

# समन्वय बनाकर योजनाओं को धरातल पर उतारें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में समेकित आजीविका कृषि प्रणाली से संबंधित बैठक हुई। जिसमें कर्रा प्रखंड में विकसित की जा रही समेकित आजीविका कृषि प्रणाली को सफल रूप प्रदान करने के लेकर संचालित कार्यों की डीसी ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि व्यापक स्तर पर किसानों को योजना का सीधा लाभ मिल सके। इससे उच्च मूल्य कृषि, उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि को बढ़ावा मिलेगा। डीसी ने कहा कि दो मशरूम इकाई के माध्यम से मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने का लक्ष्य है। मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन एवं सिंचाई से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही फ्रूट प्रोसेसिंग प्लांट को विकसित किया जा रहा है, ताकि किसान इससे लाभावित हो सके। बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि मनरेगा की योजनाओं का उचित क्रियान्वयन किया जाय, ताकि एक ही जगह पर कृषि गतिविधियों का सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन, मुगीर्पालन, बकरीपालन, बतख पालन के लिए शेड का निर्माण एवं अन्य निमार्णाधीन कार्यों को सुचारू रुप से कया जाय। समेकित आजीविका फॉर्म के माध्यम से डेरी से संबंधित उत्पादों को बढ़ावा देने की भी पहल की जाय। जल्द से जल्द तालाब का निर्माण करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कृषि आधारित आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने निर्देशित किया कि जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को जोड़ते हुए उन्हें भी लाभावित करने के प्रयास किये जाय। इस मौके पर डीडीसी, परियोजना निदेशक आइटीडीए, जिला कृषि पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीए, बीडीओ व आत्मा निदेशक आदि उपस्थित थे।

## सब मिलकर सरकारी विद्यालयों के शिक्षा स्तर में करें सुधार : शशि रंजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में बुनियादी शिक्षा अभियान का शुभारंभ किया। नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले में शिक्षा के संकेतक को सुदृढ़ करने के लिए पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक अभियान का शुभारंभ हुआ है। इसके तहत आने वाले विषय बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक अभियान, बाला, बाल संसद, पुस्तकालय, विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्त्व एवं भूमिका पर कार्य किया जाना है। डीसी ने निर्देश दिया कि अभियान को सफल बनाने में स्वयंसेवी संस्थानों को सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं, सहयोगी संस्था वन जीवन ग्रामीण विकास समिति, ग्रीन भारत फाउन्डेशन, अलमा मेटर के प्रतिनिधि और टीम के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालकों द्वारा बताया गया कि खूंटी जिले के अंतर्गत 96 विद्यालय चयनित किये गए हैं, जिनमें 100 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किए जायेंगें। इसके लिए जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा प्रसार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को उचित योजना का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने बताया गया कि वर्तमान समय की जरूरत है कि हम सब मिलकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अकादमिक सफलता के साथ ही इनका विकास सुनिश्चित कर इन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। बेहतर शिक्षण व्यवस्था के साथ उचित वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपाइयों ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को कथित रूप से मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपमान किये जाने के विरोध में स्थानीय नेताजी चौक पर झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता ने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा तिरंगा का अपमान कर देश को अपमानित किया है। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, जिला महामंत्री बिनोद नाग, शशांक शेखर राय, अनुप साहू, महावीर राम, सचिन कश्यप, गुलाब महतो, प्रियांक भगत, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेन्द्र नायक, सुकेन्दर महतो, जिला महिला मोर्चा महामंत्री रंदाय नाग, केशव राम, कृष्णानंद तिवारी, लखिंदर नायक, विक्की गुप्ता, बबलू ठाकुर, शेखर रवि, प्रीतम नायक, राज नायक, रेखा देवी, विमला देवी, बबिता देवी, सुरोपति देवी और गजेंद्र बड़ाइक आदि थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा थाना अंतर्गत बिनगांव समीप कलवर्ट के पास सोमवार की रात करीब आठ बजे ऑटो व बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गोविन्द होरो (26) के रूप में हुई है। वह जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गुमडू गांव का रहने वाला था। जबकि घायल की पहचान रवि मुंडा (25) के रूप में हुई है, जो गुमडू गांव का ही रहने वाला है। दोनों बाइक से बिनगांव से गुमडू लौट रहे थे। बिनगांव के समीप ही मालवाहक ऑटो से टक्कर होने के कारण गोविंद होरो की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि रवि मुंडा घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना कर्रा पुलिस को दी गयी। खबर पाते ही कर्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर युवक के शव व घायल को उठाकर सीएचसी कर्रा ले आयी। मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेजा जायेगा।

### झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची में मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटिसिलवे रांची मे सोमवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी कमला सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एस.एस उच्च विद्यालय चिल्दाग रांची के प्राचार्य अवनिंद्रा सिंह उपस्थित थे। इसके अलवा स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सुषमा सहाय, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल महिलौंग की प्राचार्य हेमलता कुमारी, गुंदलीपोखर मिडिल एवं हाई स्कूल, हेसल अनगड़ा रांची के प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल गंगाघाट के प्राचार्य कनक लता, हंसराज वाधवा नामकुम के प्राचार्य आशीषित केरकेट्टा, गवर्नमेंट हाई स्कूल डोरंडा के प्राचार्य गणेश चंद्रा महतो, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, गंगाघाट की प्राचार्य सरस्वती देवी, वनवासी कल्याण आश्रम के सचिव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। इसके उपरांत टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने किया।

### सीआइटी में मनाया गया शिक्षक दिवस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को शिक्षक दिवस को शिक्षक पर्व के रूप में मनाया गया। मौके पर राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 में शिक्षकों के परिकल्पित योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में बीआईटी सिंदरी के पूर्व निदेशक डॉ एसके सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू एवं अन्य अतिथि व विद्यार्थियों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने अपने वर्ग के शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिये उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह का आयोजन संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान सेल के तत्वावधान में किया गया। गोष्ठी को डीन डॉ ए भट्टाचार्य, डॉ पल्लवी चौहान, प्रो. अरशद उस्मानी, प्रो. रसिका नवनीत सिंह आदि ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा उप नियंत्रक डॉ रणवीर कुमार ने किया। मौके पर डॉ शालिनी सिंह, डॉ विजय शंकर सिंह, संतोष महतो, डॉ के पी दत्ता, डॉ डी. के सिंह, डॉ नवीन सिन्हा, प्रो. तापस कुमार, प्रो. श्वेता सोनाली ढाल, शिक्षकों के अलावे सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### करमा मिलन समारोह का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को करमा पूर्व संध्या पर करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप एवं समस्त पंसस मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर बिरसा पाहन द्वारा पूजा एवं कर्मा पाहन द्वारा कर्मा पूजा की कहानी सुनायी गयी। इसी बीच अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। लोगों ने परंपरिक ढोल-नगाड़ा, के साथ सांस्कृतिक का नृत्य-गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख बीना देवी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप की पत्नी रिया तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, माता सीता लकड़ा, माधो कच्छप, कल्याण लिंडा, प्रदीप तिर्की, मंगरा कच्छप, करण मुंडा, गुरुसहाय मुंडा, प्रेम पाहन, सरिता कच्छप, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, रामावतार केरकेट्टा, रीता होरो, अरविन्द लोहरा, रमेश कुमार, रोस लकड़ा, अनिता लिंडा, चंद्रावती देवी, जीता कच्छप, नान्हे कच्छप, रोजलिन मिंज, सरिता देवी मुख्य से उपस्थित हुए।

### नगड़ी में गणेश प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी में पांच दिवसीय गणेश पूजा का भक्ति भाव और गगन भेदी जयकार लगाते भव्य शोभा यात्रा निकाल वैदिक मंत्रोच्चारण एवं आरती कर नगड़ी के नया तालाब में विर्सजन किया गया। इससे पूर्व सुबह में सभी पंडालों में हवन किया गया। दोपहर में वाहनों को आकर्षक ढंग से सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमा को नगड़ी के सिद्धिविनायक पूजा समिति, उपकार क्लब, एसएस स्पोर्टिंग क्लब साहेर रोड के सैकड़ों सदस्य और ग्रामीणों ने श्रद्धा पुर्वक शोभा यात्रा में शामिल होकर बीओआई के समीप नया तालाब में भगवान गणेश विसर्जित कर दिया गया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, सोनाहातू को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** राज्य से 26 नामित स्कूल में तथा रांची जिले से एकमात्र राज्यस्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार हेतु चयनित कस्तूरबा विद्यालय सोनाहातू को आज शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के द्वारा स्कूल के वार्डेन सरोजिनी टोप्पो और बाल संसद की प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रशस्ति पत्र और मोमेंट दिया गया। गौरतलब है कि 6 सितंबर को दिल्ली की केंद्रीय टीम द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू का यदि राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया जाता है तो प्रधानमंत्री तथा केन्दीय शिक्षा मंत्री विद्यालय को सम्मानित करेंगे। इधर विद्यालय को राज्य स्तर पर स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार मिलने पर स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है।

## उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान से नवाजे गये गोंदलीपोखर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश महतो




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर उच्च/मध्य विद्यालय अनगड़ा के प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान से सम्मानित किये गये हैं। झारखण्ड मिनी टुलरूम टाटीसिलवे में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। ब्रजेश कुमार महतो को यह सम्मान बेहतर संस्थान संचालन एवं उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए दिया गया है। मालूम हो कि ब्रजेश कुमार पिछले 25 वर्षों से लगातार गोंदलीपोखर उच्च/मध्य विद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्य करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। अपने कुशल संचालन और नेतृत्व के बदौलत इन्होंने विद्यालय के लिए कई कितीर्मान गढ़े हैं। अपनी कार्यशैली से विद्यालय को राज्य स्तर पर एक नयी पहचान दी है। ग्रामीण क्षेत्र के इस निजी शैक्षणिक संस्थान के बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में राज्य व जिला स्तर पर टॉपर रहने का गौरव प्राप्त किया है। इन्हें सम्मानित किये जाने पर क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष है।

## अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू से नेत्रदान पखवाड़ा को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गयी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर के उपलक्ष्य में अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू से एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू के उपाधीक्षक डॉ विजय प्रसाद एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया गया। रैली अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू, बिरसा आई हॉस्पिटल बुंडू एवं दृष्टि सुरक्षा केंद्र तमाड़ के संयुक्त प्रयास से निकाली गई। रैली पुराना अस्पताल बुंडू से निकलकर बिरसा आई हॉस्पिटल सीताराम कंपलेक्स बुंडू में समाप्त हुई। बिरसा आई हॉस्पिटल बुंडू में नेत्रदान के जागरूकता के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मार्शल आइंद उपस्थित रहे। मौके पर आई बैंक इंचार्ज अभिमन्यु कुमार (रिम्स) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

## सोनाहातू में तीन महिलाओं की हत्या की घटना को समाजसेवियों ने शर्मनाक बताया

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पंचायत के मुखिया और पूरे मौजा के जमींदार प्रताप सिंह मुंडा ने कहा कि घटना मेरे पंचायत के लिये शर्मनाक है। आज के जमाने मे रूढ़िवादी विचार रखने एवं अंधविश्वास को मानने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिये। प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी ने कहा कि महिला पर डायन का आरोप लगाना ही शर्मनाक है। हत्या करना कानूनन जुर्म है। प्रशासन को तीनों महिलाओं के हत्यारों जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलानी चाहिये।

## डायन-बिसाही मामले में तीन महिलाओं की हत्या के खिलाफ एपवा ने किया प्रदर्शन




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आज सोनाहातू के रानाडीह गांव में डायन बिसाही के आरोप में तीन महिलाओं की हत्या के खिलाफ बुंडू में ऐपवा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा की। ऐपवा नेत्री लखी मनी मुंडा ने कहा कि ज्ञान विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में डायन बिसाही के आरोप में तीन-तीन निर्दोष महिलाओं की हत्या चुल्लू भर पानी में डूब मरने जैसी शर्मनाक घटना है। देशभर में लगातार महिलाओं पर हिंसा बढ़ती जा रही है। महिला और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा मात्र कोरा साबित हो रहा है। निर्दोष महिलाओं के हत्यारों को अविलंब कड़ी से कड़ी सजा मिले। डायन बिसाही को संरक्षण देने वाले और घटना के जिम्मेवार ओझा गुणी को भी फांसी की सजा दे। इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों में शंकेश्वरी कुमारी, सहचरी कुमारी, रीता कुमारी, सोन मणि कुमारी, शुकरू देवी, सुशील कुमारी, मंजू देवी, मुटुक मनी कुमारी आदि शामिल थे।

## संत माइकल स्कूल में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**मुरी (आजाद सिपाही)।** संत माइकल स्कूल छोटा मुरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, स्कूल प्रबंधक रूपेश कुमार तथा निदेशक राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व संत माइकल स्कूल के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार की मूर्ति का अनावरण तथा माला और पुष्प अर्पित किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य का प्रदर्शन किया तथा नृत्य के माध्यम से झारखंड की कलाकृति को उजागर किया। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु और शिष्य का एक गहरा रिश्ता होता है। हमें अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि गुरु के बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने स्कूल के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सीएल प्रजापति, उपेंद्र, रमेश गोराई, किशोर कुमार, शेखर कुमार, सपना दत्ता, संयुक्ता सिंह देव, अजीत माईती समेत स्कूल के कर्मचारी मौजूद थे।

### आक्रोश : बीरेंद्र भगत की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

# विरोध में रांची-डालटनगंज मार्ग एनएच-75 दो घंटे तक रहा जाम

- डीएसपी एवं रातू सीओ की ओर से दोषी लोगों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिये जाने के बाद जाम हटाया गया
- प्रशासन ने प्रतिमा की मरम्मत करा कर उसी जगह पर स्थापित करवा दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के होचर में स्थापित राष्ट्रीय सरना धर्म के अगुआ स्व. बीरेंद्र भगत की प्रतिमा को असामजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना रविवार आधी रात की बतायी जा रही है। प्रतिमा तोड़े जाने की खबर आग की तरह पूरे इलाके में फैल गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस घटना की जानकारी प्राप्त कर असामाजिक तत्वों की पहचान में जुट गई है। मामले को लेकर छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि होचर में वर्षो से इंद जतरा महोत्सव का कार्यक्रम किया जाता है। बीते वर्ष सरना रत्न दादा बीरेंद्र भगत के निधन के बाद होचर में वर्ष 2021 में प्रतिमा स्थापित की गयी है। कर्मा पर्व में हर साल यहां इंद जतरा का आयोजन किया जाता है। 9 सितंबर को भी मेले आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही थीं। इसी बीच असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना को लेकर कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव, प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर कमरुल हक, सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा, समाजसेवी आदित्य तिर्की, पूर्व जिला परिषद सदस्य आलोक उरांव, आजसु नेता भरत कांसी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, चिंटू मिश्रा, समाजसेवी महेश महतो व पंचायतों के मुखिया, विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोगों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की निंदा करते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान कर जल्द जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

घटना के बाद गुस्साये लोगों ने रांची-डालटनगंज मार्ग स्थित काठीटांड़, एच-75 को दो घंटे तक जाम कर दिया। जाम की सूचना पाकर डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व रातू अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार जाम स्थल पहुंचे व दोषी लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके उपरांत लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।



### करम इंद जतरा टोंगरी के नाम से जमाबंदी कायम करने की मांग

**घटना के बाद रातू अंचल में आवेदन देकर खाता नंबर 76 प्लाट 574,573 710,763 तथा खाता संख्या 16 का प्लॉट संख्या 689 में दर्ज कुल रकबा 15 एकड़ जमीन की जमाबंदी करम इंद जतरा टोंगरी के नाम से करने की मांग की। यह जमीन अभी रजिस्टर टू में किनु राय, पिता बुधु राय व मंगरु मुंडा पिता विरसा मुंडा के नाम से जमाबंदी चल रही है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नहीं है।**

# डायन-बिसाही हत्या मामले में लापता तीसरी महिला का शव बरामद

- तीनों महिलाओं की हत्या की जांच के लिए पुलिस ने किया एसआइटी का गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में डायन के आरोप में तीन महिलाओं की हत्या कर दी गयी है। दो महिलाओं का शव रविवार शाम राणाडीह के उच्ची पहाड़ी पर मिला था। तीसरे शव की खोजबीन सोनाहातू पुलिस ने सोमवार सुबह शुरू की। 9 बजे तीसरा शव 60 वर्षीय आलोमनी देवी का भी पहाड़ी के ऊपर झाड़ियों में मिला। मृतक आलोमनी देवी घर में अकेली रहती थी। कोई और अपना नहीं था। एक बेटी है जो ससुराल मारांगकिरी गांव में रहती है। पुलिस ने तीनों महिलाओं की हत्या के मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है।



घटना की पुष्टि करते हुए बुंडू डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि डायन के आरोप में गांव की तीन महिला की हत्या की गयी है। तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। हत्या के आरोप में चार लोगों से पूछताछ की जा रही है। अन्य चार लोगों को पूछताछ के लिये लाया जा रहा है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी। राईलू देवी के भतीजा के द्वारा मामला दर्ज किया गया है। तीन महिलाओं की हत्या के बाद राणाडीह गांव में सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। कोई भी पुरुष गांव में नहीं मिला। पुरुष गांव से फरार थे। अधिक घरों में ताला बंद पाया गया। दो-चार महिलाएं गांव में मिलीं, लेकिन मुंह खोलने से बचती रहीं। तीनों महिलाओं का घर बंद पाया गया। मृतक राईलू देवी का पति अभिमन्यु मुंडा, बेटा ललित मुंडा, एक बेटी और पुतोहु है, जो पुलिस के कस्टडी में है। डीएसपी के अनुसार पति, बेटा और बेटी पर ही अपनी माता की हत्या करने की बात सामने आ रही है। फिलहाल पूछताछ जारी है। दूसरी महिला ढोली देवी अपनी बेटी के पास गांव में रहती थी। उसका अपना और कोई नहीं है। घटना को लेकर एक ग्रामीण ने बताया कि तीनों महिलाओं को शुक्रवार रात को ही गांव में पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी थी और 10 से 15 लोगों ने मिलकर तीनों के शव को ढाई किलोमीटर दूर 400 फीट उंची पहाड़ी पर फेंक आये थे। रविवार और सोमवार दिन भर पुलिस गांव के आसपास अभियान चलाया। ग्रामीण एसपी के निर्देशानुसार बुंडू डीएसपी के नेतृत्व में सोनाहातू इंस्पेक्टर रमेश कुमार, बुंडू इंस्पेक्टर विमल नन्दन, सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम, दशम फॉल थाना प्रभारी विष्णुकांत, राहे थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार, तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार के साथ एएसआई दलगोविंद महतो, जयशंकर कुमार, रामपुकार बैठा, राजकपूर के द्वारा छानबीन और छापामारी की गयी।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

- शिक्षक सदैव आदर व सम्मान के योग्य हैं : प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा मे सोमवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति




डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। मौके पर नरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि शिक्षक बच्चों के चरित्र व भविष्य निर्माता हैं। उन्होंने गुरु-शिष्य संबंधों पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षक सदैव आदर व सम्मान के योग्य हैं। मंच संचालन आशीष कुमार एवं अंतरा मंडल ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक विपीन प्रसाद, उमेश मंडल, घासीराम महतो, आनंद प्रसाद, सुरेश कुमार, सुमंत कुमार, शिक्षिका पुतूल नीलू, कल्याणी, कुसुम कुमारी, दिव्या, नेहा, गायत्री, संध्या, दिशा सिंह आदि शामिल थे।

### कार्यक्रम : ओरमांझी में सनातन धर्म समन्वय विचार गोष्ठी में प्रो आदित्य साहू ने कहा

# सनातन धर्म का प्रचार प्रसार ही हिंदुत्व की भावना को जागृत करता है

- बिरसा मुंडा को भगवान की उपाधि सनातन धर्म की रक्षा के लिए मिली थी : सूबेदार जी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में सनातन धर्म समन्वय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू एवं सनातन धर्म के पूर्व और उत्तर के प्रभारी सूबेदार जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन और प्रचार प्रसार से ही हिन्दुत्व की भावना को जागृत रखा जा



सकता है। साथ ही वर्तमान समय में झारखंड में एक विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा हमारी बहन-बेटियों के साथ विभत्स घटना को अंजाम देने का काम किया जा रहा है, वो असह्य है। वर्तमान सरकार कार्रवाई करने के बजाय अनाप शनाप बयानबाजी करने का काम कर रही है।

वहीं गोष्ठी में आये हुए मुख्य वक्ता ने सनातन धर्म की स्थापना से लेकर अबतक को विस्तार पूर्वक बताया। कहा बिरसा मुंडा को भगवान की उपाधि यूं ही नहीं मिली। धर्म परिवर्तन करा रहे अंग्रेजों के खिलाफ सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए दी गई। कार्यक्रम का संचालन रणधीर कुमार साह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सनातन धर्म के प्रदेश संयोजक इन्द्रजीत यादव उर्फ लालू जी, डॉ संजय कुमार, दिवाकर श्रीवास्तव, राजेश सिंह, सोना राम महतो, कृष्णा कुमार, कुलदीप तिवारी, नीरज नायक, ओरमांझी पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, मुखिया दीपक बड़ाइक, पंसस ललिता देवी, शशि मिश्रा, दीपा चौरसिया, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, विक्रांत तिवारी, शशि मेहता, सतीश बड़ाइक, सत्यम राज कुशवाहा, श्याम किशोर महतो, प्रशांत कुमार साहू, अनिल महतो, शशि वर्मन, मनोज महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ भूपेश कुमार




**मांडर (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान संस्थान के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा शिक्षकों को समर्पित स्वागत भाषण के साथ की गयी। समारोह में छात्रों ने एकल संगीत, नृत्य, शायरी, कविताएं, सामूहिक नृत्य एवं म्यूजिकल चेयर गेम इत्यादी की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थितगणों द्वारा काफी सराहा गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक छात्रों के जीवन में एक आदर्श शिक्षक की उतनी ही आवश्यकता जितने की एक सुदृढ़ भवन के निर्माण में एक पक्की नींव की होती है, जिससे की छात्रों के नींव को सुदृढ़ कर-के उसपर भविष्य में सफलता रूपी एवं सुदृढ़ करियर तथा बेहतर भविष्य की नींव रखने में सहायता मिल सके।

## चान्हो में करम पूर्व संध्या सह शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड स्थित शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज में सोमवार को करम पूर्व संध्या सह शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पाहन के द्वारा करम पूजा की गई। उसके बाद सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज ने बताया कि भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन उच्च कोटि के विद्वान और दार्शनिक थे। हमें उनसे सीख लेकर बुलंदियों को छूना है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागपुरी के व्याख्याता मोहसिन खान ने बताया कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन तमिलनाडु के गरीब परिवार में पैदा हुए थे, लेकिन अपनी प्रतिभा के और जुनून के कारण भारत के सर्वोच्च पद तक पहुंच गये। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भी अपने विद्यार्थियों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। नये नये तकनीक से शिक्षा मुहैया करानी चाहिए। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। जिसमें देश भक्ति, झारखंडी संस्कृति से संबंधित नागपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र अविनाश कुमार ने किया। मौके पर सफीउल्लाह अंसारी, उदय नारायण सिंह, साबिर अंसारी, नीलिमा टोप्पो, सीताराम साहु, विकास उरांव, कुलदीप एक्का, हसीब अंसारी, मिथिलेश कुमार सिंह समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## रिम्स के एनाटॉमी विभाग की पूर्व प्रोफेसर एवं रिनपास निदेशक डॉ जयति की माता का निधन



**कांके (आजाद सिपाही)।** डॉ स्वप्ना सिमलाई 87 वर्ष, पूर्व प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ एनाटॉमी, आरएमसीएच (रिम्स) व रिनपास निदेशक डॉ जयति सिमलाई की माता का सोमवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने प्रिंस ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज पटना से 1952-1957 बैच में एमबीबीएस किया था। चार साल हाउस मैनशिप करने के बाद उन्होंने 1965 में आरएमसीएच में ट्यूटर के पद पर योगदान दिया था। एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में उन्होंने 31 अगस्त 1993 तक कार्य किया। रिटायरमेंट के बाद भी वे लगातार शिक्षण कार्य में लगातार 23 वर्षों तक विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर के रूप में अपना योगदान देती रहीं। उन्होंने कटिहार मेडिकल कॉलेज, नेपाल मेडिकल कॉलेज, काठमांडू और चीन के एक मेडिकल कॉलेज में बतौर प्रोफेसर कार्य किया। ईस्ट जेल रोड रांची स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पुत्र सुमित सिमलाई, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, मुंबई मेट्रो रेलवे तथा पुत्री डॉ जयति सिमलाई रिनपास कांके की डायरेक्टर हैं। उनके अंतिम संस्कार में डॉ भुवन ज्योति, डॉ संजय कुमार मुंडा, डॉ सिद्धार्थ सिन्हा, डॉ अमित शर्मा, डॉ अमूल रंजन सिंह, विनय सिंह, अनिल साहू, राजकुमार, रंजन दास, प्रसाद प्रधान, सुमित खेमका,जयोंति पाण्डेय व वर्गिस मैथ्यू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

## लापुंग शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पर चर्चा की गयी व बच्चों को उनके पदचिन्हों पर चलने की नसीहत प्रधानाध्यापक जीवेश्वर साय राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग ने दी। मौके पर बच्चों द्वारा द्वारा आधुनिक, ठेठ नागपुरी व फिल्मी गानों पर नृत्य प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में शिक्षक को अंग वस्त्र देकर बच्चों ने सम्मानित किया।

## शिक्षक दिवस पर अश्वत्थ संस्था ने स्कूली बच्चों के बीच एक हजार पौधों का किया वितरण

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को स्वयंसेवी संस्था अश्वत्थ ने मां लखपति आरोही पब्लिक स्कूल बक्सीडीह में स्कूली बच्चों के बीच 1000 पौधों का वितरण किया। मौके पर अश्वत्थ के संस्थापक अविनाश कुमार, बलराम कुमार साहू, श्याम सुंदर बेदिया, मनीष महतो, शिवधर रजवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज गेतलसूद में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जशपुरिया बीएड कॉलेज गेतलसूद में सोमवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। जैलेंद्र कुमार ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जीवनी का उल्लेख करते हुए कहा कि वे युग पुरुष थे। सदियों में उनके जैसा व्यक्तित्व जन्म लेता है। उन्होंने कहा कि जब आपके समक्ष गुरु और ईश्वर दोनों विद्यमान हों तो पहले गुरु के चरणों में अपना शीश झुकाना चाहिए। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक शालिनी प्रिया, संजय पटेल, अध्यापक वर्षा रानी, शशि प्रभा, माधवी लता, सरीता सिंह, सरिता शर्मा, संजीत कुमार, दिलीप बेदिया, उषा मिंज सहित अन्य उपस्थित थे। इधर जशपुरिया पब्लिक स्कूल में भी शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

# गांजा के साथ पति, पत्नी सहित चार गिरफ्तार

## 26 हजार 500 नकद एवं दो मोबाइल फोन बरामद, उड़ीसा के संबलपुर से मंगाते थे गांजा, कुडू में होती थी डिलेवरी



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस ने जिले के नावा बाजार बाजार थाना क्षेत्र से नशे के सौदागर गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में एक ही परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 28 किलोग्राम गांजा, 26.5 हजार रुपए व दो मोबाइल सेट बरामद किए गए है। बरामद गांजे का मूल्य 1.5 लाख रुपए के करीब बताया जा रहा है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में दी है। बताया कि गुप्त सूचना मिली की नावा बाजार थाना अंतर्गत ग्राम-कंडा निवासी नगीना मांझी, उसकी पत्नी शकुंती देवी, पुत्र संतोष पासवान अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अवैध गांजा का खरीद-बिक्री करते हैं। इसके आलोक में डीएसपी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर रविवार की मध्य रात्रि करीब 12.20 बजे नगीना मांझी के घर पर छापामारी किया गया। इस क्रम में नगीना मांझी के घर से करीब 28 किलोग्राम गांजा 26.5 हजार रुपये नगद व दो मोबाईल फोन बरामद किया गया। पुलिस दल ने नागीना मांझी पिता स्व. विफन मांझी कंडा, अशोक पासवान पिता रामजी पासवान ग्राम बलसारा थाना पाटन, विरेन्द्र पासवान पिता लक्ष्मण पासवान ग्राम तलेया थाना चैनपुर व कुंती देवी पति नागीना मांझी ग्राम कंडा को गिरफ्तार किया गया। अवैध गांजा के खरीद-बिक्री के आरोप मे उपरोक्त चारों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपितों को उड़ीसा के संबलपुर से गांजे की आपूर्ति की जाती थी। इन्हें रांची-मेदिनीनगर मार्ग के कुडू में गांजा की डिलेवरी मिलती थी। जहां से वे कंडा स्थित अपने घर से अवैध रूप से बिक्री का काम करते थे। इस गिरोह का तार बिहार के औरंगाबाद जिले तक फैला हुआ था। पुलिस टीम में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक छतरपुर वीर सिंह मुंडा, थाना प्रभारी पड़वा रुपेश दुबे, प्रकाश होरा,बिरेन्द्र खाखा, कुमार नीरज, संतलाल, जितेन्द्र नाथ महतो, धीरेन्द्र कुमार, अखिलेश, सुभाष कुमार व चंचल शामिल थे।

## रिमांड पर लिये गये अपराधी से हथियार और बाइक बरामद

**मेदिनीनगर।** मामी और भांजा के प्यार में मामा पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने शूटर मंजर के घर से हथियार व बाइक बरामद किया है। उक्त जानकारी पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर दी है।शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस ने गोलीकांड मामले में शामिल सभी चार आरोपियों को 48 घंटे की रिमांड पर लिया था। रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी मंजर के घर से हथियार को बरामद किया। मालूम हो की प्रेम प्रसंग मामले में शहर थाना क्षेत्र में बीते 17 अगस्त को पैराडाइज टेलर के मालिक तोहिद आलम के ऊपर गोली चालन की घटना में पुलिस ने जिन लोगों को रिमांड पर लिया है। उसमें मंजर के घर से हथियार बरामद किया गया है।अपराधी जुम्मन, मंजर व बेताब तीन लोगों ने पिछले दिनों न्यायालय में सरेंडर किया था। जिसके बाद पुलिस इन तीनों को पूछताछ के लिए 48 घंटे के लिए रिमांड पर लिया है। टेलर मास्टर तोहिद आलम की पत्नी का अपने भगिना इरशाद से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण टेलर मास्टर तोहिद आलम अपनी पत्नी व भगिना को हमेशा डांट फटकार किया करता था। भगीना इरशाद ने अपने दोस्त एवं टेलर मास्टर की पत्नी के साथ मिलकर तोहिद आलम की हत्या का प्लान बनाया। जिसके लिए मुख्य आरोपी इरशाद ने अपने दोस्त आरजू एवं जुम्मन को तीन लाख 50 हजार रुपए का सुपारी दे दिया। इस योजना के तहत अपराधी बेताब एवं मंजर ने 17 अगस्त की रात को टेलर मास्टर तौहीद आलम पर गोली चलाया था। गोली चालन के समय बेताब मोटरसाइकिल चला रहा था। मंजर ने टेलर मास्टर पर गोली चलाया था।अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद आरजू व टेलर मास्टर की पत्नी गौसिया प्रवीण को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेज दिया था।

## सदर थाना प्रभारी ने तीस लाख की अवैध शराब बरामद की

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चियांकी पहाड़ के नजदीक सुआ मोड़ के पास गोदाम से 30 लाख रूपए का 45 सौ लीटर अवैध शराब पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में जिले के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 4 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि चियाकी पहाड़ के नजदीक सुआ मोड़ के पास गोदाम में ट्रक में शराब लदा है। जो कहीं बाहर ले जाने की फिराक में है। जिसके बाद सदर थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए गोदाम में पहुंचा। पाया कि 4 ट्रक पर अंग्रेजी शराब लोड है।जिन मजदूरों के द्वारा यह शराब लादा जा रहा था उन मजदूरों से पूछने पर बताया कि यहां एक जीतू नाम का मुंशी है। वाहन के ड्राइवर के आदेश पर हम लोग अवैध शराब ट्रक में लोड कर रहे थे। इस अवैध शराब के संबंध में वहां पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे पुलिस का शक और पुख्ता हो गया कि शराब तस्कर इस शराब की खेप को पंजाब एवं दूसरे राज्यों से मंगा कर चियांकी गोदाम में भंडारण किए हुए थे। इस शराब को बिहार एवं अन्य राज्यों में सप्लाई करने की योजना थी। शराब को बेचकर अवैध कमाई की जाती थी। पुलिस ने ट्रक व अवैध शराब को जब्त कर लिया। छापामारी के बाद शराब तस्कर व वाहन चालक फरार है। इस संबंध में रविवार को शराब लोड कर रहे मजदूरों को थाना लाया गया था। जिनसे पूछताछ के बाद मजदूरों को छोड़ दिया गया है। पुलिस ने चार ट्रक, 517 पेटी अंग्रेजी शराब, ट्रक पर लदा धान का भूसी व त्रिपाल को जप्त कर लिया है। इस छापामारी दल में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक राजबल्लभ पासवान, सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राकेश कुमार, सुबोध कुमार, समाल अहमद, सहायक आरक्षी मोहम्मद शाहशाह आलम सिद्दीकी, हवलदार वासुदेव महतो, आरक्षी निरंजन कुमार, दीपक राम, मुन्ना कुमार व विरेंद्र कुमार शामिल थे।

## संत मरियम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

# शिक्षक सबसे बड़े जौहरी होते हैं : अविनाश देव



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** स्थानीय होटल शिवाय ब्लू में संत मरियम स्कूल का शिक्षक दिवस समारोह बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान राम श्याम बंधु के संगीत ने समारोह मे समां बांधा। समारोह को सम्बोधित करते हुए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षक ..... ब्रह्मांड में इस शब्द से विशिष्ट कोई शब्द ही नही है। बचपन से अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक हम सभी अनेक व्यक्तियों से जीवन के सार को सीखते है। उन्होंने कहा कि डां सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला यह त्योहार एक विशिष्ट त्योहार है। श्री देव कहा कि अपने शुभचिंतकों के विषेश आग्रह पर जन्मदिवस के विशेष दिन को शिक्षकों के सम्मान हेतू समर्पित कर दिया। तथ्य यह है कि उन्हे अध्यापन में खासी रुचि थी। प्रथम उपराष्ट्रपति, बाद में राष्ट्रपति बने परंतु इसके पहले वे एक बेहतर शिक्षक थे। उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय, मैसूर विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड जैसे अनेकों संस्थानों में 40 वर्षों तक अध्यापन का कार्य किया था। उनकी अध्यापन को विद्यार्थी भी बेहद पसंद करते थे। जीवन के प्रत्येक चरण में हमें सदैव शिक्षकों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार एक सादे कोरे कागज को हम उस पर कुछ बेहतर तथ्य लिखकर उसकी महत्ता को बढ़ाते हैं उसी प्रकार मनुष्य के प्रारंभिक जीवन से लेकर अंतिम समय तक जीवन की सभी प्रकार की शिक्षाओं से परिपूर्ण करके शिक्षक मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारते हैं जिससे समाज में उस व्यक्ति की प्रतिष्ठा में समृद्धि होती है। श्री देव ने कहा कि शिक्षक का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में अधिक अंक लाने योग्य बनाना नहीं बल्कि उन्हें नैतिक सामाजिक या दूसरे शब्दों में कहें तो विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास ही परम कर्तव्य होना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि शिक्षक अपनी प्रतिष्ठा के लिए किसी खास दिन के मोहताज नही होते है। यह पद सदैव प्रतिष्ठित होता है। शिक्षक सदैव अपने शिष्यों को अनुशासन प्रिय, बेहतरीन कार्य करने के तरीके,ईमानदारी और नैतिक गुणों से परिपूर्ण करते है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार सभी शिक्षकों के सुख दुःख में सदैव शामिल रहा है और आगे भी रहेगा। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल साहा सर, अमरेंद्र सर सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहें।

## एनएच 98 सड़क में गड़बड़ी के खिलाफ नगर विकास मंच ने दिया धरना



**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के तेंदुआ गेट से लेकर संडा सिवाना तक चार किलोमीटर सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा अनियमितता के विरुद्ध रविवार को हरिहरगंज नगर विकास मंच के तत्वाधान में सिनेमा हॉल मोड़ के समीप एनएच 98 सड़क पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने संवेदक के विरुद्ध जम कर नारे बाजी करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की। साथ ही एनएच 98 पर 21 करोड़ की लागत से बने सड़क एवं नाला निर्माण के संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता पर आक्रोश जताया। कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि एनएच 98 पर 4 किलोमीटर निर्मित सड़क में भारी गड़बड़ी की गई है।सड़क के साथ निर्मित नाला में घटिया सामाग्री लगाने से सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बहरहाल सड़क के दोनों ओर बने नाले में जल निकासी के लिए हॉल - खाली जगह नहीं छोड़ने से कई जगहों पर बरसाती पानी का जमाव हो गया है, जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है। उन्होंने संबंधित संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करते हुए पैसे की रिकवरी कराने , सड़क का पुनर्निर्माण एवं नाले का सुदृढ़ीरण कराने की मांग की है। मौके पर मृत्युंजय कुमार, राजेश रंजन मिश्रा, गुड्डू पासवान, राजीव रंजन,सरोज कुमार ,भोला शर्मा, मुन्ना कुमार, मो जावेद अंसारी आदी मौजूद थे।

## गुरु का सम्मान करना ही शिष्य का धर्म है : मनीष गुप्ता



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू के हिसरा में स्थित संस्कार वैली मॉडर्न स्कूल में शिक्षक दिवस के असवार पर कार्यक्रम आयोजित की गई, कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर दीप प्रज्वल्लित कर किया गया, कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा भाषण, नृत्य, नाटक आदि पेश किये गए, बच्चों ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को पुरस्कार दे कर सम्मानित भी किया, इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने कहा कि गुरु का सम्मान करना ही शिष्य का धर्म है लेकिन आज के परिवेश में गुरु और शिष्य के बीच स्थापित संबंध कमजोर होते नजर आ रहा है, जो यह एक गंभीर विषय है, गुरु हमेसा पूजनीय होते हैं इसलिए उनका सम्मान करना शिष्य का कर्तब्य है, उन्होंने बच्चों से कहा कि पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ पढ़ाई करें और शिक्षा का क्षेत्र में सफलता पाएं यही मेरी कामना है. इस मौके पर प्रिंसिपल एके झा, शिक्षक बिरेन्द्र पाठक, लालेश्वर सिंह, मनीष शुक्ला, रंजीत कुमार, रंजन प्रजापति, राधा तिवारी, प्रतीक्षा पांडेय, इनके अलावे बबलू पांडेय, बुधनी देवी, चंद्रशेखर राम, हरिद्वार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे.

## हुसैनाबाद के शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस हर्सोल्लास के साथ मनाया गया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के कई सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में सोमवार को शिक्षक दिवस मनायी गयी। इस अवसर पर शिक्षक व विद्यार्थियों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तसवीर के समक्ष दीप जलाकर व केक काटकर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। एकडरी मध्य विद्यालय परिसर में कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने किया। अतिथियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने शिक्षकों को बधाई देते हुए आपसी समन्वय से बेहतर शिक्षा का माहौल बनाने की बात कही। कहा कि आदि काल से आधुनिक काल तक मे गुरुओं की भूमिका सर्वोपरी रही है ।व्यक्ति या समाज के भविष्य निर्माण में ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की जरूरत है ।मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष आरती देवी, सयोजिका ललिता कुमारी, अभिभावक गोपीचंद,शिक्षक श्री राम सिंह, उपेन्द्र, पुनम, लक्ष्मी, असलम, अखिलेश आदि मौजूद थे। शहर के रामवि के परिसर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम सब को ऐसे महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। शिक्षक समाज के रीढ़ होतें हैं.गुरु बिना जीवन अधुरा रहता है. मौके पर जुबैर अंसारी, राजेश प्रसाद गुप्ता, कन्हैया प्रसाद, यूएस चौबे, राजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे ।शहर के अमन चैन स्थित समता स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिद्यालय के प्राचार्य अक्षय चौहान व ग्लैक्सी कोचिंग संस्थान के निदेशक रंजन कुमार मेहता ने कहा कि शिक्षक समाज के आईना होते है ।शिक्षक बिना जीवन को सरल नही बनाया जा सकता है और ना ही जीवन को सही दिशा और दशा दी जा सकती है।

# हुसैनाबाद को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने दिया धरना



**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। यह कार्यक्रम हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता व संचालन जिला मंत्री संतोष सिंह ने किया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश मंत्री अर्जुन सिंह, राष्ट्रीय किसान मोर्चा सदस्य सह त्रिपुरा राज्य के प्रभारी अशोक कुमार सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, प्रभात कुमार सिंह आदि मौजूद थे। इस दौरान हुसैनाबाद विधानसभा को अकाल क्षेत्र घोषित करने समेत क्षेत्र के व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा की संपूर्ण प्रदेश अकाल व सुखाड़ की चपेट में हैं। यह किसानों के लिए गंभीर समस्या है। सरकार अबतक किसानों को किसी प्रकार का राहत पैकेज उपलब्ध नहीं कराया है। जिसका खामियाजा किसान भुगतने को मजबूर हैं। इसे भाजपा कभी बर्दास्त नही करेगी।जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि किसान देश की शान है किसान धरती को चीर कर अन्न पैदा करता है वर्तमान परिस्थिति में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं।पलामू समेत राज्य के कई जिले अकाल की चपेट में है।बावजूद राज्य की सरकार किसान हित मे इसका समाधान नही कर रही है ।सरकार इस क्षेत्र को तत्काल अकाल क्षेत्र घोषित करे।

## एनसीपी नेता मुनि प्रसाद सिंह का आकस्मिक निधन, शोक

**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही) ।** हैदरनगर थाना के रानीदेवा गांव निवासी समाज सेवी एनसीपी नेता 62 वर्षीय मुनि प्रसाद सिंह का रविवार की रात्रि इलाज के दौरान रिम्स रांची में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि एक सितंबर को मुनि प्रसाद सिंह की डाल्टनगंज में अचानक तबियत बिगड़ी थी। एक निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स भेज दिया गया था। उनका शव रांची से एंबुलेंस से रानीदेवा गांव लाया गया। उनका दाह संस्कार सोमवार को किया गया। दाह संस्कार कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अश्विनी सिंह, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मुखिया विकास सिंह, हंसराज सिंह, जेएमएम नेता रामप्रवेश सिंह, उपेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# शिक्षक के बिना जीवन सार्थक नहीं है : संगीता देवी



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है।शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है।हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है। इसलिए हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों पर अमल करना चाहिए। जिंदगी में यदि हम थोड़े भी सफल होते हैं, तो इसका श्रेय हमारे माता-पिता और शिक्षकों को जाता है।उक्त बातें हैदरनगर जिला पार्षद संगीता देवी ने कही। वे शिक्षक दिवस पर कौटिलया एकेडमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधन करते हुए बोल रही थी।इस दौरान हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह, डॉ अजय जयसवाल,पंसस शैलू जायसवाल, उप मुखिया पवन जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपली राधा कृष्ण के तसवीर पर पुष्पांजलि कर एक फीता काटकर किया गया।इसके बाद शिक्षकों के द्वारा केके काटा गया।इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने जहा अपने गुरुजनों को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं शिक्षण संस्थान के प्रबंधक प्रेम अग्रवाल की ओर से भी शिक्षकों व छात्र छात्राओं को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## छतरपुर 20 सूत्री के गोपाल सिंह अध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा बने उपाध्यक्ष




**छतरपुर/पलामू(आजाद सिपाही) ।** कांग्रेस पार्टी के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह को बिसूत्रीअध्यक्ष एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा को छतरपुर प्रखंड के बीसक्षसूत्री उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने बधाइयां दी है लोगों ने कहा कि श्री सिन्हा के उपाध्यक्ष बनाए जाने से गरीब गुरबो एवं जरूरतमंद लोगों को सरकारी सुविधा तक पहुंच में आसानी होगी श्री सिन्हा शुरू से ही आम जनों के सवालों को विभिन्न मंचों पर उठाते रहे हैं और आंदोलन करते रहे हैं एवं लोगों को इसका लाभ मिलता रहा है निस्वार्थ भाव से काम करने हेतु श्री सिन्हा का नाम अग्रणी है इनके उपाध्यक्ष बनाए जाने से सरकारी सुविधाओं तक आम लोगों तक आसानी से पहुंच हो पाएगी बधाई देने वालों में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन संजय सिंह ,प्रकाश ,भोला व्यास मुबारक हुसैन लव कुमार मनोहर यादव दीपक कुमार उमेश कुमार जितेंद्र कुमार अरविंद विश्वकर्मा विकास कुमार सिंह प्रकाश कुमार पटेल रजनीश कुमार संजय सिंह सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## वृद्ध का शव बरामद,हत्या की आशंका

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत के कुडुवा कला गांव से पुलिस ने एक वृद्ध का शव बरामद किया है ।इस संबंध में मृतक के भाई युगल पासवान ने अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत की है ।लिखित शिकायत में कहा है की मेरे भाई भागीरथी पासवान रविवार की शाम घर से कामत गाँव निकले थे, देर शाम घर नहीं लौटने पर हमलोगों ने काफी खोजबीन की पर उनका कोई पता नहीं चला, सोमवार की सुबह एक शव गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक कुआं में देखा गया ।इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी ।सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुँचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला, शव का चेहरा एक गमछा से कसकर बंधा हुआ था ।गमछा खोलने के बाद उनकी पहचान मेरे भाई भागीरथी पासवान के रूप में हुआ। पुलिस ने शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम करवाकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया, इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के एसआई अजित यादव ने बताया की मृतक के भाई के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## स्पोर्ट्स



**विजेता टीम एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार नगद, ट्राफी दिया गया**

# पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली की टीम बनी चैंपियन**



**रांची(आजाद सिपाही)।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान और रांची जिला पुलिस के सहयोग से आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में सोमवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट-2022 का ट्रॉफी टागंरबसली ने अपने नाम कर लिया। पांच सितंबर को फाइनल मैच माचोसिटी पुदांग रांची और एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली के बीच खेला गया। इसमें रोमांचक मुकाबले में एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली ने माचोसिटी पुदांग रांची को ट्राइब्रेकर में 5-4 गोल से पराजित कर दिया। टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल में माचोसिटी पुदांग रांची ने दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी को ट्राइब्रेकर 4-3 और दूसरे में एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली ने जूनियर ब्लैक ड्रेगन हेसल घुघरी को 1-0 0-0 से हराकर फाइनला में प्रवेश किया। इससे पहले फाइनल मैच का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि अनिमेष नैथानी, आरक्षी उपाधीक्षक, खलारी, सुलेमान मुंडरी, बीडीओ, मांडर, विशिष्ट अतिथि विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी, सोहंती एक्का, (मुखिया, बंझिला पंचायत), मो. साकिब, प्रत्रकार ललन पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। विजेता टीम एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार नगद, ट्राफी, और उपविजेता टीम माचोसिटी पुदांग रांची को डीएसपी अनिमेष नैथानी के प्रतिनिधि के रूप में विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी) ने 31 हजार नगद, ट्राफी देकर सम्मानित किया। तीसरे स्थान पर रहने वाली दी रायल स्टार क्लब कानीजाड़ी को 11 हजार नगर व ट्राफी देकर सुलेमान मुंडारी (बीडीओ, मांडर) और चौथे स्थान पर रहनेवाली जूनियर ब्लैक ड्रैगन हेसल घुघरी की टीम को 10 हजार नगद व ट्राफी देकर विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी) ने सम्मानित किया। टूनार्मेंट में राची जिला पुलिस की ओर से फाइनल खेल रहे दोनों टीमों को जर्सी व फुटबॉल और रेफरी को ड्रेस दिया गया। मैन ऐंफ दी सिरीज मनोहर को शहीद एतवा उरांव की पत्नी विमला देवी, मैन ऑफ दी मैच फिरदोश को सोहंती एक्का (मुखिया, बंझिला पंचायत ने प्रदान किया। वहीं बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार विदेश को लखो उरांव और बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार अतुल को मो. साकिब ने प्रदान किया। टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल में माचोसिटी पुदांग रांची ने दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी को ट्राइब्रेकर 4-3 और दूसरे में एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली ने जूनियर ब्लैक ड्रेगन हेसल घुघरी को 1-0 0-0 से हराकर फाइनव में प्रवेश किया। टूनार्मेंट के अंतिम क्वाटर फाइनल में दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी ने सुपर किंग लोयो को कड़े और रोमांचक मुकाबले में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूनार्मेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शाकिब (छोटू), पितरपस खलखो, लखो उरांव, सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## शिक्षक ही है जो मनुष्य को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाता है : शारदा सिंह



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय राधनागर में सोमवार को शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह उपस्थित हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यायल की बच्चियों ने हिंदी संगीत पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया व गुरूजनों को उपहार देकर व पांव छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, शारदा सिंह ने कहा शिक्षक के बिना जीवन को सरल नहीं बनाया जा सकता है। जिस तरह पक्की नींव ही ठोस और मजबूत भवन का निर्माण करती है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थी रूपी नींव को सुदृढ़ कर उस पर भविष्य में सफलता रूपी भवन खड़ा करने में सहायता करता है। एक शिक्षक ही है जो मनुष्य को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाता है। जीवन में सही और गलत को परखने का तरीका बताता है। उन्होंने कहा जाता है कि एक बच्चे के जीवन में उसकी मां पहली गुरु होती है, जो हमें इस संसार से अवगत कराती हैं। वहीं दूसरे स्थान पर शिक्षक होते है, जो हमें सांसारिक बोध कराते हैं।

## गोल संस्थान में शिक्षक दिवस की धूम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजिनियरिंग की तैयारी कराने वाली संस्था गोल इंस्टीच्यूट ने शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस आयोजन किया। संस्थान द्वारा केक काट कर विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ शिक्षक दिवस मनाते हुए सभी शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि संस्था के लिए इस वर्ष का शिक्षक दिवस कई मायनों में विशेष रहा, क्योंकि पिछले वर्ष के कटऑफ की तुलनात्मक विश्लेषण से यह जाहीर है कि इस वर्ष नीट द्वारा जारी ओएमआर सीट एवं आंसर-की में गोल धनबाद के लगभग 25 फीसदी से अधिक छात्रों ने सरकारी एमबीबीएस सीट र्रिजव किया है। वहीं इंजिनियरिंग में 90 फीसदी से अधिक छात्रों को जेईई मेन में सफलता मिली है। उक्त अवसर पर उत्साहित गोल संस्थान के सेंटर निदेशक संजय आनन्द ने संस्थान में पढ़ाने वाले शिक्षकों की प्रशंसा की। कहा कि मुझे शिक्षकों पर गर्व है। दो देश के विभिन्न हिस्सों से आकर यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहें है। हमारे शिक्षक सदैव हर परिस्थिति में बच्चों के साथ रहते है उनकी उलझनों को समय पर समाधान करते है। ऐसे बहुत सारे रिजल्ट ओरिएन्टेड एक्टीविटी का ही परिणाम है कि 2022 में भी बहुत ही बेहतर रिजल्ट की उम्मीद पूरी होने जा रही है।

## सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी समस्याओं को लेकर खुद लड़ेंगे अपनी लड़ाई : बिंदेश्वरी



**झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को वर्षो बाद भी बकाया भुगतान संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कोलियरी अधिकारियों एवं डीलिंग क्लर्कों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ऐसे सेवानिवृत्त कर्मियों की लड़ाई अब नवगठित कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ लड़ेगा और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन कर उनका बकाया अधिकार दिलाएगी। उक्त बातें संघ के संयोजक और बीएमएस के झारखंड प्रदेश के पूर्व महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद ने कही। वे सोमवार को जयरामपुर बुढा बाबा मंदिर परिसर में आयोजित सेवानिवृत्त कर्मियों कि बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन हमारी कमजोरी का लाभ उठाते हुए अधिकारियों को 2017 से ही वेजबोर्ड का लाभ दें रही है और हम कर्मियों के साथ 2018 से आज तक भेदभाव कर रही है। बकाया भुगतान को लेकर सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। इसलिए आज बीसीसीएल के सेवानिवृत वरिष्ठ लोगों ने अपनी समस्या को लेकर लड़ाई लड़ने के लिए नया संगठन बनाकर आठ सूत्री मांग पत्र सौंप। आगामी 12 सितंबर को कोयला भवन के समीप धरना देकर आंदोलन का आगाज करेगी। मांगों में ग्रेच्यूटी 20 लाख भुगतान करने, पेंशन स्कीम में पांच हजार बढ़ोतरी और सेवानिवृत्त कर्मियों के सुवीधार्थ 25 बेड का अतिथि गृह बनाने आदि शामिल है। बैठक की अध्यक्षता रामअवतार गोप व संचालन रमजान मियां ने किया। मौके पर चिमन कुमार, रामअवतार गोप, रमजान मियां, बल्केश्वर सिंह, रवींद्र सिंह, परमहंस यादव, भरत पासवान, ओमप्रकाश सिंह, लक्ष्मी पासवान व हृदयानंद सिंह थे।

## झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की बैठक

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की बैठक सोमवार को निरसा अंसार मुहल्ला में आयोजित हुई। जिसके माध्यम से विद्यालय रसोइया को सरकारीकरण करने, मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया को सरकारी सुविधाए प्रदान करने, रसोईया के लिए नियुक्ती नियमावली बनाए जाने, साथ ही पूरे राज्य में स्थायी प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने, प्रधानमंत्री पोषण योजना लागू होने पर झारखंड में रोक लगाने सहित अन्य मांगों पर चर्चा करते हुए सरकार से मांग की गई। इस दौरान 28 सितंबर को असंगठित मजदूरों व मानदेय कर्मियो के सवालों पर एक्टू के नेतृत्त्व में रांची स्थित राजभवन प्रदर्शन में निरसा से रसोईया संघ के प्रतिनियों को शामिल होने का आह्वान किया गया। इस मौके पर माले सह एक्टू नेता नागेन्द्र कुमार, कृष्णा सिंह, जितेंद्र शर्मा, लालबाबू रजक व रसोईया संघ के अनिता देवी, सबीता देवी, मालती देवी, सुनीला देवी, बंदना देवी, रेहाना खातून, सरोज देवी, पार्वती देवी, उमा देवी, बेली देवी, शिखा पाल, ममता देवी, सनोका देवी, पूर्णिमा बाउरी, तुला बाउरी, कल्पना देवी, नजमा खातून, सावित्री देवी, रीना देवी, रीता देवी और लक्ष्मी देवी आदि शामिल थे।

## निरसा एसडीपीओ कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन, दिये गये कई दिशा-निर्देश



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीतांबर सिंह खेरवार की अगुवाई में सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अगस्त मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिवेदित और निष्पादित कांड की समीक्षा विधि व्यवस्था संधारण वाहन चोरी, गृह भेदन, लूट, हत्या जैसे संगीन अपराध पर लगाम लगाने सहित आवश्यक बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। गोष्टी में निरसा थाना प्रभारी दिलीप यादव, चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, निरसा अंचल पुलिस निरीक्षक नयनसुख दादेल, कालू बथान थाना प्रभारी मुकेश रावत, मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस, कुमारधुबी ओपी प्रभारी लल्लन प्रसाद सिंह, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी संजय उरांव, पंचेत ओपी प्रभारी कुलदीप रोशन बारी आदि मौजूद थे।

## तनाव : समर्थकों ने किया अनिश्चितकालीन बंद का दावा

# ढुल्लू महतो समर्थकों ने रोकी वासदेवपुर परियोजना की ट्रांसपोर्टिंग, कार्य ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



कोयला ट्रांसपोर्टिंग अवरूद्ध कर प्रदर्शन करते विधायक ढुल्लू महतो समर्थक।

**लोयाबाद।** बासदेवपुर असंगठित मजदूर और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो समर्थकों ने सोमवार को बासदेवपुर परियोजना का कोयले ट्रांसपोर्टिंग रोक दिया। काम रूकते ही परियोजना का काम भी पूरी तरह ठप हो गया है। विधायक समर्थक अनिश्चितकालीन बंदी का दावा कर रहे हैं। बताया जा रहा कि बासदेवपुर परियोजना से बासदेवपुर कोलडंप तक कि ट्रांसपोर्टिंग मां चंडी ट्रांसपोर्ट द्वारा की जाती है। महिला मजदूर और विधायक ढुलू समर्थक ट्रांसपोर्टिंग वाले रास्ते के बीच पहुंच नारेबाजी करने लगे। फिलहाल परियोजना से कोयला उठाव ठप है। विरोध करने वालों में दिनेश रवानी, इंदू देवी आदि अन्य शामिल थे।

वहीं कोलडंप में धारा 144 लगाने के बाद से कोयले का उठाव जारी है। हालांकि डीओ धारक के तरफ से कोयले की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया गया है। पुलिस सुरक्षा के बीच शिला और काफिला का कोयला लोड किया जा रहा है। सुबह 15 गाड़ी का एलॉटमेंट लेकर हाइवा कोल डम्प में घुसा है। डीओ धारक ने कहा कि बेहतर गुणवत्ता का कोयला नही रहने से परेशानी हो रही है।

### ट्रांसपोर्टिंग रोकनेवालों पर होगा मामला दर्ज : पीओ

500 से 700 मीटर की परिधी में निषेधज्ञा लगाये जाने के बाद मजदूरों का एक गुट और विधायक समर्थकों ने अब उससे बाहर अपना विरोध जताकर कोयले की ट्रांसपोर्टिंग रोक दी है। परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि काम रोकने वालों के खिलाफ एफआईआर करने की तैयारी चल रही है। विधायक समर्थक चालाकी से निषेधज्ञा परिधी के बाहर कोयला ट्रांसपोर्टिंग को रोके है। सब पर नेम्ड एफआईआर किया जायेगा।

## स्वांग में 10 दिनों से जलापूर्ति ठप, लोगों में त्राहिमाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत स्वांग गोविंदपुर फेज-टू के स्वांग कोलियरी व स्वांग वाशरी के आवासीय परिसर, हजारी मोड, बी टाइप, गंझूडीह, पुराना-माइनर्स, महावीर स्थान सहित मोहल्ला टोला में बीते 27 अगस्त से पेयजलापूर्ति बाधित है। बता दें कि पिछले 10 दिनों से स्वांग कोलियरी स्थित फिल्टर हाउस के सप्लाई पाइप लाइन को आंशिक रूप से क्षति होने के कारण पानी का बहाव पाइप लाइन में न जाकर क्षतिग्रस्त स्थान से लिक कर जाने से लगभग 10 हजार की आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है। लेकिन प्रबंधन की आंखों में पर्दा पड़ा है। लोग पेयजल और नहाने धोने के लिए आवासीय परिसर में टैंकर या हैंडपंप से पानी को डब्बा और बाल्टियो में भरकर अपना काम चला रहे हैं। इस संबंध में असैनिक विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारीयों का कहना है कि पाइप बदलने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही पाइप बदल कर नई पाइप लगा दी जाएगी और पानी सप्लाई जल्द ही सुचारू किया जाएगा। वहीं पानी सप्लाई बाधित होने से स्वांग उत्तरी के मुखिया विनोद विश्वकर्मा, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वरी देवी, समाजसेवी मोहम्मद मुमताज आलम ने प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि प्रबंधन की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैया की वजह से पिछले 10 दिनों से लोग पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि अगर जल्द पानी सप्लाई सुचारू रूप से नहीं तो स्वांग कोलियरी परियोजना पदाधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## शिव मंदिर में चोरी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला न्यू कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में सोमवार की सुबह चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चोर मंदिर की दान पेटी में रखे रुपयों के साथ ही पूजा के बर्तन, पीतल व अन्य धातु के नाग देवता व घंटी आदि भी ले गए। पुजारी आनंद झा ने मामले की शिकायत सरायढेला थाना में दर्ज कराई है। वहीं, चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

## सेवा भाव से काम करें अधिकारी : राजेंद्र प्रसाद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने अंचलाधिकारियों को कहा कि राज्य के भौगोलिक स्थिति को समझना होगा। यहां के लोग काफी सीधे व सरल स्वभाव के हैं। अधिकारी सेवा भाव से काम करें। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों में कोई दस्तावेज अपूर्ण है, उसके आवेदक से संपर्क कर दस्तावेज की मांग करें और उसका प्रमाण पत्र निर्गत करें। समीक्षा क्रम में उन्होंने जानकारी ली कि समय पर आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनता है या नहीं। इस पर अंचलाधिकारियों ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र ससमय निर्गत किया जाता है। सभी अंचल अधिकारियों ने इस बाबत अपनी-अपनी रिपोर्ट भी सौंपी। वहीं, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने कल्याण विभाग द्वारा एससी/एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के प्रगति की जानकारी ली। राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के जाती-आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए संचालित अभियान की प्रगति की भी जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक से प्राप्त की। अब तक लगभग 24 हजार आवेदन प्राप्त हुआ है। प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने जिले के पीछड़े वर्गों को केसीसी, पीएम आवास, अंबेदकर आवास आदि योजनाओं में क्या स्थिति है इसकी भी समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रभला, जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की, जिला शिक्षा अधीक्षक मो. नूर आलम, लीड बैंक मैनेजर, जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के करम महोत्सव में हुए शामिल

# करम परब का संबंध जीवन और सृजन से है:जयराम

आजाद सिपाही संवाददाता



करम गीतों पर थिरके जयराम महतो।

**चास।** करम परब का संबंध जीवन और सृजन से है। ये हमें जीवन जीने के साथ सृजन का संदेश देती है। करम मतलब काम और जावा मतलब जीवन होता है। उक्त बातें भाषा व खतियान आंदोलनकारी नेता जयराम महतो ने कही। वे सोमवार के जामगोड़िया स्कूल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से आयोजित करम महोत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा ही हमारी पहचान है। करम हमारी संस्कृति से जुड़ा सबसे समृद्धिशाली परब में से एक है, जो जीवन से जुड़ा है। इस संस्कृति को बचाना है। भाषा परंपरा को बचाना है और अपना अधिकार भी लेना है। जिस तरह भाषा और संस्कृति के लिए एकजुटता का परिचय दिया है वहीं एकता हमें बनाकर रखना होगा, तभी हमें अपना अधिकार मिलेगा। हमलोगों की संस्कृति बहुत महान है, जो प्रकृति से जुड़ी हुई है। प्रकृति के साथ ही जीवन जीने की कला सिखाती है। सभी को अपनी भाषा के साथ संस्कृति पर गर्व होनी चाहिये। किसी की नकल नहीं अपनी समृद्धिशाली परंपरा पर गर्व होनी चाहिए। चार सितंबर को आयोजित डहरें करम बेड़हा का एतिहासिक कार्यक्रम यह साबित कर दिया कि लोग अपनी संस्कृति के प्रति कितने जागरूक है। यह खुशी की बात है। हमें अपने अधिकारों के प्रति संघर्ष करना होगा जबतक 1932 का खतियान लागू नहीं होता। यह आदिवासी मूलवासी का अधिकार है।

### करम गीतों पर थिरके जयराम

महोत्सव का शुभारंभ करम गीत से हुआ। इस अवसर पर जयराम महतो भी जावा मंडली के साथ पारंपरिक रूप से भाग लिया। इस महोत्सव में कुल आठ जावा मंडली नें भाग लिया। इस अवसर पर उमेश कुमार महतो, अर्जुन रजवार, मनोज महतो, रघुनंदन महतो, किशोर कुमार, अजय महतो, विवेक कुमार, आमावती देवी व रत्न महतो आदि थे।

## मुखिया ने किया आदार सेवा केंद्र का उद्घाटन

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के लोधी पंचायत सचिवालय में सीएससी केंद्र में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन मुखिया जुबैदा खातुन ने किया। मुखिया ने कहा कि इस पंचायत में आधार सेवा शुरू होने से लोगों को प्रखंड कार्यालय या दूर दराज क्षेत्र नहीं जाना पडेगा। यहां नया आधार बनाने एवं उसमें सुधार भी किया जा सकेगा। इसके लिए सीएससी आधार टीम को धन्यवाद देती हूं। वहीं सीएससी संचालक सह आधार सेवा केंद्र संचालक भीएलई लालू कुमार साव ने कहा कि जनता की असुविधा को देखते हुए आधार सेंटर खोलने के लिए लंबे समय से प्रयासरत था।


प्रपत्र संख्या –1

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Jhumritelaiya**
**VERY SHORT TENDER NOTICE**

The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

**E-Tender reference no- 15/JMT/2022-23 Date- 03-09-2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep we II Hand Pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500(Part 1 - 7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark - II respectively) under D.W.& S. Division, **Jhumritelaiya** for the year 2022-23 |
| 2 | Estimated Cost (In Rs) | Rs.- 18,36,222/- |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | Rs.- 2500/- |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | Rs 37000/- |
| 5 | Time of Completion | 15 Days |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 07.09.2022 / 05.00 PM |
| 7 | Last date /Time for receipt of Bid date and time | 16.09.2022/ 05.00 PM |
| 8 | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 19.09.2022 up to 01.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Jhumritelaiya Superintending Engineer, D.W. & S Circle, Hazaribag |
| 9 | Date of opening of Tender date and time | 19.09.2022/ 3.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya |
| 11 | Contact no of e-Procurement office | 06534-222505 09931577959, Email Id – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com |
| 12 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

PR 277074 Drinking Water and Sanitation (22-23)D

**(Er. Chandrashekhar)**
**Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Jhumritelaiya**



## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**मत्स्य जीवी सहयोग समितियों / सदस्यों के लिए**
**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित जाता है कि लातेहार जिला अन्तर्गत स्थानीय, प्रखण्ड स्तरीय/जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति को को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड रॉंची के राज्यादेश सं0 10 रा0 (वि0)/दिनांक 21.06.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में लातेहार जिले को मत्स्य जीवी सहयोग समितियों /सदस्यों के लिये नाव, गिल नेट का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, जो निम्न है–

| क्र0 | सामग्री नाम | भौतिक लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | नाव की आपूर्ति (लघु शीर्ष 796 जनजातीय क्षेत्र उप योजना) | 03 | अनुमानित लागत– 33000/– सरकार द्वारा अंशदान राशि– 30000/– प्रति नाव होगी एवं शेष राशि मत्स्य जीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों के द्वारा स्वंय वहन किया जाएगा। |
| 02 | गिल नेट की आपूर्ति (लघु शीर्ष 796 जनजातीय क्षेत्र उप योजना) | 08 | प्रति लाभुक अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट (Fish Net Nylon Poly, Twin Size 1/3, Mesh Size 75mm -150mm M.D 100) हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाना है। गिल नेट के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23में निदेशक मत्स्य द्वारा इकाई लागत निर्धारित करने के लिए आमंत्रित "इच्छा की अभिव्यक्ति" में निर्धारित न्यूनतम दर 638/– रूपये के विरूद्ध 90% आर्थिक सहायता अर्थात 2871/– रूपया दी जाएगी एवं आवश्यक शेष 10% राशि का म0जी0स0 समितियों/सदस्यों को स्वंय वहन करना होगा। |

इच्छुक मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों को नाव, गिल नेट हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 29.09.2022 के अपराह्न 4.00 बजे तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समिति के सभी कागजातों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

**नोट–** आवश्यकतानुसार निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, रांची के द्वारा तत्संबंधी निर्गत होने वाले के दिशा निर्देश के अधीन होगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 29.09.2022 अपराह्न 4.00 बजे तक।
आवेदन जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय,लातेहार।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी**
**लातेहार।**

**PR.NO.277073 Fish(22-23):D**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

प्रपत्र संख्या–1

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**अति अल्पकालीन ई- निविदा**

निविदा संख्या :- **14 /JMT/2022-23** दिनांक **03.09.2022**

The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for Improvement of Charadih Rural Water Supply Scheme with Construction of 1 no. 200mm x150mm x 150m deep HYDT in place of collapsed bore, provision of 2 Nos. 7.5 HP submersible motor pump, repairing of damaged pipe, Changing of sluice valve , Special Repair of 25000 gallon RCC ESR having 18 m Stagging with Plastic Emulsion paint etc under D W & S Division, Jhumri Telaiya for the year 2022-23 on Turn Key Basis | 12,09,602/- | 25,000/- | 2500.00 | 60 Days |
| 2 | वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय | 07.09.2022 at 5.00 अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16-09-2022 को 5.00 अपराह्न तक | | | |
| 4 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) एवं समय | 19.09.2022 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20.09.2022 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | निविदा करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा खोले जाने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा करनेवाले कार्यालय का संपर्क | 06534-222505, 09931577959, ईमेल आईडी – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरण वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई0 चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 277071 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

# ओड़िशा में 7 हजार शिक्षक पद शीघ्र भरे जायेंगे : शिक्षा मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षक उम्मीदवारों के लिए अच्छी खबर है। राज्य में जल्द ही 7 हजार शिक्षक पद के लिए विज्ञापन अगले महीने जारी की जाएगी। इस की सूचना स्कूल एवं गणशिक्षा मंत्री समीर रंजन दास ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए माननीय मुख्यमंत्री का लक्ष्य है। दो चरणों में 13 हजार शिक्षकों की भर्ती की जा चुकी है और अब 7 हजार शिक्षकों के पद भरे जायेंगे। छात्रों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण है। कोविड के समय में पढ़ाई का योगदान अद्वितीय रहा है। हम 10वीं और 12वीं कक्षा के पढ़ाई और बोर्ड परीक्षा के परिणाम प्रकाशित करने में सक्षम रहे। उन्होंने गुरु दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मानने का आह्वान किया। शिक्षकों ने अपने शिक्षक कर्तव्यों का ठीक से पालन कर रहे है। दूसरी ओर उन्होंने राज्य के एकमात्र शिक्षक ईश्वर चंद्र नायक को बधाई दी, जिन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुना गया है।

# एएसबीएम के नये बैच 2022-23 का उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एएसबीएम विश्वविद्यालय के शिक्षा बिहार परिसर में नये बैच का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओड़िशा लोकायुक्त आयोग के अध्यक्ष आइपीएस (सेवानिवृत्त) डॉ सत्यजित महांती, विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान महाप्रबंधक रमाकांत, संस्थापक और अध्यक्ष प्रो (डॉ) विश्वजीत पटनायक और उपाध्यक्ष-चांसलर कल्याण शंकर राय, प्रो- फालगु निरंजन सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे। डॉ सत्यजीत महांती ने नये छात्रों को धैर्य, विनम्रता और आनंद के साथ उनकी यात्रा को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। एएसबीएम विश्वविद्यालय के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो विश्वजीत पटनायक ने सभी को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में एएसबीएमयू अतिथियों द्वारा समाचार पत्र फीनिक्स 2022 का उन्मोचन किया गया और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आकांक्षा नये छात्रों के स्वागत के लिए रचा गया।

# ओड़िशा के ईश्वर चंद्र नायक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** गुरु दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली विज्ञान भवन में 45 शिक्षक और शिक्षयित्री को सम्मानित किये। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद थे। देश के 45 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दिया गया है।

ओडिशा के इश्वर चंद्र नायक को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सम्मानित किया। नायक पुरी जिला कनपुर सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनका घर निमापड़ा ब्लाक के बांगरूस पटना गांव में है। वह पहले इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे।

बाद में ईश्वर चंद्र नायक ने शिक्षक बनने का फैसला किया। 2001 में उन्हें गणशिक्षा विभाग द्वारा एक शिक्षा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था। तब से वे कनपुर सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। ईश्वर को अध्यापन के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं। 2016 में उन्हें राज्य सरकार द्वारा एक आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया था। अध्यापन से समय निकाल कर उन्होंने कहानियां, उपन्यास, कविताएं आदि लिख कर एक स्वतंत्र स्थान बनाया रखा है। 2016 से गांव में छात्रों की कंप्यूटर शिक्षा के लिए नलेज सेंटर खोल कर मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा भी प्रदान कर रहा है।

# प्रो गणेशी लाल ने दिलीप सामंतराय की पुस्तक 'ओड़िशा : द रेलवे स्टोरी' का किया उन्मोचन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने सोमवार को जयदेव भवन में आयोजित एक समारोह में दिलीप कुमार सामंतराय पूर्व वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी पूर्व तट रेलवे द्वारा लिखित पुस्तक 'ओडिशाः द रेलवे स्टोरी' का उन्मोचन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक में भारत में रेलवे से जुड़े दिलचस्प तथ्यों और उपाख्यानों की श्रृंखला के साथ-साथ भारत में तीन शताब्दियों में फैले रेलवे विकास के दिलचस्प पाठ्यक्रम को विस्तृत रूप से दर्शाया गया है। राज्यपाल ने यह भी कहा है कि रेल यात्रा न जाति, न रंग, न धर्म से मानवतावाद में बदल गयी और उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ट्रेनों के डिब्बों के नाम देश की प्रतिष्ठित हस्तियों के नाम पर रखे जाने चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक एसके श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी राज्य के परिधीय क्षेत्रों में फैली हुई है और ओडिशा राज्य में बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुस्तक भारतीय रेलवे के बारे में कई ज्ञात और अज्ञात तथ्यों को सामने लाती है। रेलवे पर अपने लंबे अनुभव और ज्ञान और विशेष रूप से ओडिशा में इसके संबंध पर इतनी मूल्यवान पुस्तक लिखने के लिए लेखक को बधाई देते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि पुस्तक को सभी स्तरों से सराहना मिलेगी।

पुस्तक उन्मोचन समारोह में संजय मुखर्जी सेवानिवृत्त वित्तीय आयुक्त रेल मंत्रालय, बिष्णुपद सेठी प्रमुख सचिव परिवहन और उच्च शिक्षा ओडिशा सरकार, मनोज कुमार मिश्र सचिव आई एंड टी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ओडिशा सरकार, प्रो एसआर पाणि निदेशक (सेवानिवृत्त) डिस्टेंस शिक्षा उत्कल विश्वविद्यालय ने भी इस अवसर पर अतिथि के रूप में पुस्तक के बारे में बात की। पुस्तक के लेखक दिलीप कुमार सामंतराय ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने संबित राय चौधरी, निराकर दास, विष्णु मोहन अधिकारी और चितरंजन पंडा को पुस्तक को प्रकाशित करने में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया।

# खोरधारोड मंडल ने अगस्त-2022 में भारतीय रेलवे पर माल लदान में शीर्ष स्थान हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल ने माह अगस्त-2022 में भारतीय रेलवे पर माल लदान में शीर्ष स्थान हासिल किया है। मंडल ने अगस्त-2022 में 13.27 मिलियन टन माल लदान किया, जो पिछले वर्ष अगस्त- 2021 की लदान की तुलना में 1.38 प्रतिशत अधिक और 1278 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जन का रिकॉर्ड बनाया।

खोरधारोड मंडल द्वारा चालू वित्त वर्ष में अर्थात 1 अप्रैल-2022 से 31 अगस्त-2022 तक कुल लदान 63.89 मिलियन टन है, जो कि वर्ष 2022-2023 के लिए संचयी लदान में भारतीय रेलवे पर तीसरा सबसे बड़ा लदान है।

अगस्त 2022 में, तालचेर, पारादीप, धामरा, मेरामंडली आदि में विभिन्न लदान प्वाइंटों से मंडल द्वारा प्रतिदिन औसतन 116 रेक माल का लदान किया जाता है। लदान किये गये कोयला, उर्वरक, सीमेंट, कच्चा माल जैसे विभिन्न प्रकार माल, देश भर में विभिन्न पावर हाऊस, विनिर्माण कंपनियां, उत्पादन इकाइयां और उद्योग को परिवहन किया जाता है। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने हितधारकों और जनता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक सामान और कच्चे माल के परिवहन में दिन-रात अथक प्रयासों के लिए खोरधारोड मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की।

## बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना भारत पहुंचीं

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार को 4 दिवसीय दौरे पर भारत पहुंच गयी हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगी। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान भारत-बांग्लादेश के बीच रक्षा, व्यापार, रेलवे, वॉटर मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी से जुड़े 7 समझौते हो सकते हैं। इनमें महत्वपूर्ण कुशियारा नदी जल समझौता भी शामिल है। 8 सितंबर को शेख हसीना अजमेर शरीफ की दरगाह पर माथा टेकने जायेंगी।


## राहुल ने किसानों का कर्ज माफ करने का एलान किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अहमदाबाद पहुंचे। यहां राहुल ने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों का 3 लाख तक का कर्ज माफ करने का वादा किया। साथ ही 300 यूनिट फ्री बिजली और गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने का ऐलान भी किया। राहुल ने 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात भी कही। राहुल ने कोरोना से मरने वालों के परिवारों को भी मुआवजा देने का वादा भी किया। उन्होंने कहा- गुजरात में कोरोना से तीन लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। हमारी सरकार बनी तो कोरोना से मरने वालों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देंगे।

## ब्रिटेन की तीसरी महिला पीएम होंगी लिज ट्रस

**लंदन (एजेंसी)।** 47 साल की लिज ट्रस ब्रिटेन की नयी प्रधानमंत्री होंगी। उन्होंने भारतीय मूल के ऋषि सुनक को हरा दिया। दक्षिणपंथी लिज बोरिस जॉनसन की जगह लेंगी। लिज को ब्रिटेन की सियासत में फायरब्रांड नेता के तौर पर जाना जाता है। जीत का ऐलान होने के बाद लिज ने सुनक के बारे में कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरी पार्टी में इतनी गहरी समझ वाले नेता हैं। परिवार और दोस्तों का भी शुक्रिया। लिज तीसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी। उनके पहले मार्गरेट थैचर और थेरेसा मे इस पद पर रह चुकी हैं। लिज मार्गरेट थैचर को अपना आदर्श मानती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिज को जीत पर बधाई दी। कहा- भरोसा है कि आपकी लीडरशिप में भारत-ब्रिटेन के रिश्ते मजबूत होंगे। दोनों देशों के बीच स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप होगी। नयी रोल और जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**